26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 9 मई, 2026

अंक- 194 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सुवेंदु बने बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री

## दिलीप घोष समेत 5 मंत्री बने; पीएम मोदी का घुटनों के बल बैठकर जनता को प्रणाम

**कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)।** सुवेंदु अधिकारी आज पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ के बाद सुवेंदु, पीएम मोदी के पास गए और उन्हें झुककर प्रणाम किया। बंगाल के गवर्नर आरएन रवि ने सुवेंदु के अलावा 5 और विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे।

शपथ में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, एनडीए और भाजपा शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी ने मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पीएम ने भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार का सम्मान किया। मंच पर आते ही प्रधानमंत्री सीधे सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और फिर उनके पैर छुए।




**समारोह के आखिर में एक पल ऐसा भी आया, जहां पीएम मोदी ने मंच से परेड ग्राउंड में मौजूद लोगों को धन्यवाद दिया। वे मंच पर घुटनों के बल बैठे और जनता को प्रणाम किया।**

### शपथ लेने वाले मंत्री

**1. दिलीप घोष–** खड़गपुर सदर सीट से दूसरी बार विधायक बने हैं। मेदिनीपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए थे।

**2. अग्निमित्रा पॉल–** अग्निमित्रा पॉल पश्चिम बंगाल की असनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से विधायक हैं।

**3. अशोक कीर्तनिया–** 52 साल के अशोक बनगांव उत्तर सीट से विधायक हैं। मतुआ समुदाय से आते हैं। राजनीतिज्ञ और व्यवसायी हैं।

**4.खुदीराम टूडू–** खुदीराम रानीबांध (ST) विधानसभा सीट से भाजपा विधायक हैं। वे पेशे से शिक्षक रहे हैं।

**5. निषिथ प्रमाणिक–** निषिथ मथाभांगा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे 2026 में पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले 2019 में कूचबिहार लोकसभा सीट से सांसद रहे। केंद्र में गृह राज्य मंत्री व युवा मामलों और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री रह चुके हैं। हालांकि 2024 लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

# भाजपा में बड़े बदलाव की तैयारी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश पर फोकस करने जा रहा है। ऐसे में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले यूपी भाजपा में बड़े राजनीतिक और संगठनात्मक बदलावों की तैयारी तेज हो गई है। दरअसल, पार्टी और सरकार स्तर पर होने वाले ये बदलाव भाजपा के लिए सामाजिक, क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का अहम अवसर माने जा रहे हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, संगठन में फेरबदल, योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट विस्तार तथा विभिन्न आयोगों, निगमों और बोर्डों में खाली पदों पर नियुक्तियां जल्द हो सकती हैं। पार्टी का मानना है कि 2027 के चुनाव से पहले यह आखिरी बड़ा मौका होगा, जब विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को संतुलित तरीके से प्रतिनिधित्व दिया जा सके। भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी होते ही केंद्रीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश की ओर ध्यान देगा। संगठनात्मक बदलाव, कैबिनेट विस्तार और विभिन्न निगमों–बोर्डों में नियुक्तियों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी पहले ही हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि योगी सरकार में बहुप्रतीक्षित कैबिनेट फेरबदल 10 से 15 मई के बीच कभी भी हो सकता है। करीब आधा दर्जन नेताओं के नाम संभावित मंत्रिमंडल विस्तार या विभागीय बदलाव को लेकर चर्चा में हैं।

**किरतपुर में प्लॉट बिकाऊ है**

तुलाज मार्केट निकट नगीना चौराहा किरतपुर में 160 गज (30X47.5) का एक कार्मिशियल प्लॉट बिकाऊ है।

सम्पर्क करें–

9627680957

# लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि नये सीडीएस



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और वाइस एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों की आज सुबह घोषणा की। लेफ्टिनेंट जनरल राजा सब्रमणि जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे जिनका 30 मई को कार्यकाल पूरा हो रहा है जबकि वाइस एडमिरल स्वामीनाथन एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की जगह नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे जो 31 मई को सेवा निवृत हो रहे हैं। ले जनरल सुब्रमणि सैन्य कार्य विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे और उनकी नियुक्ति उनके कार्यभार संभालने के दिन से प्रभावी मानी जायेगी और वह अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे।

# ट्रम्प ने किया रूस-यूक्रेन के बीच तीन दिवसीय युद्धविराम का ऐलान

**वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के दौरान रूस और यूक्रेन के बीच तीन दिन के युद्धविराम और 1,000 कैदियों की अदला–बदली की घोषणा की है। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाज़ी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला–बदली भी होगी। रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के साथ नौ से 11 मई तक युद्धविराम करने और इस अवधि के दौरान यूक्रेन के साथ 'हजार के बदले हजार' कैदियों की अदला–बदली करने की श्री ट्रम्प की पहल पर सहमति व्यक्त की है। यह अस्थायी युद्धविराम नौ मई से 11 मई तक रहेगा और यह चार साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में जारी राजनयिक प्रयासों के बीच हुआ है। श्री ट्रम्प की घोषणा के कुछ ही समय बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने पुष्टि किया कि यूक्रेन युद्धविराम में शामिल होगा।

**देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें**

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

**M.B.B.S.**

BDS, BAMS, BUMS, BHMS

Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है

471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

**मिर्गी दौरे**

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ–पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





**डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'**

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

**डा. अर्सलान अय्यूब**

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार–बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

**मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र**

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# पेड़ कटे तो परिंदों ने बंद घरों में जमीन पर घोंसले बनाये




**सहसपुर ( चिंगारी )।** पेड़ों का कटान एक भावात्मक मुद्दा है। ये सिर्फ पेड़ों का काटना ही नहीं, बल्कि मासूम परिंदों के आशियाने, उनके बच्चे, अंडे आदि का विनाश है। पहले हर घर के अंदर पेड़ होते थे, जिसमें पक्षियों के घोंसला बनाने, छिपने, और मौसम से सुरक्षा प्रदान करते थे। पेड़ों के काटने से ये सीधे बेघर हो जाते हैं। पुराने पेड़ पक्षियों के घरौंदे होते हैं। इनके कटने से तोते, पक्षी लुप्त हो गए हैं। पेड़ों के काटने से पक्षियों की संख्या कम होती है, जिसकी वजह से पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान होता है। अगर पेड़ों की कमी हो गई, तो पृथ्वी से ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी और मनुष्य का जीवित रहना मुश्किल हो जाएगा। लोग पेड़ों को सिर्फ लकड़ी का जरिया समझने लगे हैं, जबकि ये छांव, शुद्ध हवा और ऑक्सीजन देते हैं। पेड़ों की कटाई न केवल पर्यावरण को, बल्कि हमारी साझा संस्कृति और सामाजिकता को भी खत्म करती है।

बस स्टैंड सहसपुर निवासी काशिफ नईम का कहना है पेड़ों के कटने से सामाजिकता में भी कमी आई है। पहले लोग शाम को पेड़ों की छांव में बैठते थे, जिससे सामुदायिक भावना बढ़ती थी। अब पेड़ों की कमी के कारण सब अपने घरों में दुबके रहते हैं, जिससे आपसी संवाद कम हो गया है। पेड़ों की कमी के कारण तापमान बढ़ गया है। पत्रकार डॉक्टर सकलैन हैदर ने बताया कि पेड़ों की कमी के कारण और इस डर से कि कब पक्षियों का घर उजड़ जाये, चिड़ियां भी अपने घोंसले बंद पड़े कमरों में बना रही हैं। उनके घर के एक बंद कमरे में करीब 4 घोंसले हैं, जिसमें बच्चे और अंडे भी हैं। उन्होंने कहा पेड़ सिर्फ लकड़ी का जरिया ही नहीं, इनका औषधीय महत्व भी है। मोहल्ला मोलवियान निवासी पत्रकार शकील अहमद और समाजसेवी शादाब शाकरान ने कहा कि हमें पेड़ों को अपने बच्चों की तरह पालना चाहिए, ये हमें ज़िंदगी देते हैं। पेड़ों के बिना हमारा जीवन हो ही नहीं सकता।

# 'स्व-गणना 2027' मकान सूचीकरण के साथ पहले चरण की शुरुआत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में जनगणना 2027 के पहले चरण के अंतर्गत 'स्व-गणना' कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा आयोजित इस अभियान के तहत 7 मई से 21 मई तक पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य प्रमुखता से किया जाएगा। बृहस्पतिवार को नगर पालिका परिषद के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस अभियान का श्रीगणेश हुआ। अधिशासी अधिकारी (ईओ) विकास कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पालिका प्रशासन और सभासदों ने मिलकर स्व-गणना कार्य की रूपरेखा तैयार की।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ईओ विकास कुमार ने जनगणना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सटीक जनगणना से ही भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का खाका तैयार होता है। उन्होंने उपस्थित सभासदों से आह्वान किया कि वे जनसहभागिता सुनिश्चित कर इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। स्व-गणना कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सभासद सुरेंद्र सिंह, करुणा शर्मा, मानव सचदेवा, शहजाद अहमद, कासिम साहू, नीरज शर्मा, सुजीत चौधरी, मनी चौधरी और राजू अग्रवाल मौजूद रहे। साथ ही कर अधीक्षक नरेंद्रपाल सिंह, अधिशासी अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा और पत्रकार अनुज चौधरी, संजीव वर्मा व ज्योतिलाल शर्मा ने भी स्व-गणना की प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

## शिशु मंदिर में हुई बस्ता प्रतियोगिता



**चांदपुर ( चिंगारी )।** लाला प्यारे लाल सरस्वती शिशु मंदिर चांदपुर में बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा पंचम तक 297 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में दिव्यांशी, प्रथम वर्मा, प्रव्या चौहान, आराध्या, वैष्णवी अल्तमस, देवांश, ओम तथा रूद्र प्रथम, गोपाल, गर्वित, जैन्सी, अद्विका, विनायकी, गौरव, टीटू, एकता, हर्ष, चेतन, श्रुति चौधरी, डेविस, सुहानी व लव राजपूत द्वितीय, हनुमत प्रसाद, हरिअक्ष, आरबी, जाह्नवी, दिव्यांशी, दक्षित, देवांशी, आरांश व मोहिनी तृतीय रहे। कार्यक्रम में वैदिक कन्या इंटर कॉलेज चांदपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती सरन प्यारी, इनर व्हील क्लब चांदपुर की अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा त्यागी, श्रीमती ममता वैश्य, श्रीमती प्रिंसा बस्सी निर्णायक की भूमिका में रहीं। प्रतियोगिता प्रमुख विकास त्यागी थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने प्रतियोगिता में उपस्थित होने वाले सभी अतिथियों का आभार जताया।




## मेधावी छात्रों को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एमएम इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में इंटर व हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक मुमताज अहमद की अध्यक्षता एवं शिक्षक रिजवान बारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में इंटर में सर्वाधिक अंक लाने वाले अब्दुल मन्नान, मौ. अर्श, अब्दुर्रहमान तथा हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक लाने वाले मौ. जैद आलम, हाफिज अबुबक्र कुरैशी, मौ. रेहान को विद्यालय के प्रबंधक मुमताज अहमद, प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ, उपप्रधानाचार्य सैयद बिलाल अकबर ने संयुक्त रूप से सम्मानित कर सभी मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक फिरोज अहमद, सुलेमान सिद्दीकी, नौशाद अली, इजहार नूरानी, तय्यब अली खान, मौ. आसिम, मौ. अय्यूब, मौ. यूसुफ, विरेन्द्र कुमार, नवाज शरीफ, चांद खां, डा. रोहिताश जगदमनी आदि मौजूद रहे।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# फुलसंदा में कपड़ा फैक्ट्री में आग लगी

**नहटौर ( चिंगारी )**। फुलसंदा स्थित कपड़ा फैक्ट्री में आग लगने से भीषण हादसा हो गया। फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक मशीन और लाखों रुपए की कीमत का कच्चा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का फिलहाल सही कारण पता नहीं चल सका है। जानकारी के मुताबिक आज प्रात: फुलसंदा गगदास निवासी इमरान की कपड़ा बनाने की फैक्ट्री में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिसमें कपड़ा बनाने का कच्चा सामान जल गया। सूचना पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आग का कारण शॉर्ट सर्किट से होने की संभावना है। पीड़ित फैक्ट्री स्वामी इमरान के अनुसार आग लगने से कई महंगी मशीन जल गई हैं और भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जिला कैमिस्ट एसोसिएशन बिजनौर की एक महत्वपूर्ण बैठक एक हॉस्पिटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार ने सभी कैमिस्ट व्यापारियों से अपील की कि बिना बिल के किसी भी प्रकार का माल न तो खरीदा जाए और न ही बेचा जाए। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करना सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है। जिला चेयरमैन देवेश कुमार ने व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्थानीय व्यापारियों को भी लाभ होगा।

बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए एमपी सिंह को जिला मुख्य संरक्षक चुना गया। वहीं केके अग्रवाल को जिला मुख्य सचिव, आसिफ को जिला उपाध्यक्ष, तारिक तथा इंद्रदेव सिंह को जिला सचिव नियुक्त किया गया। बैठक में जिला संगठन मंत्री हितेंद्र खरवन्दा चांद भाई, इकबाल, मनोज, भारत, अंकित, जावेद, नरेंद्र, सलमान, नाहर सिंह और रितेश सहित बड़ी संख्या में कैमिस्ट व्यापारी मौजूद रहे।

**जिला कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक**




## धनंजय सिंह फिर बने सपा के जिला महासचिव



**नूरपुर ( चिंगारी )**। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सांसद अखिलेश यादव के अनुमोदन पर प्रदेशाध्यक्ष श्यामलाल पाल ने नूरपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव ढेली अहीर निवासी युवा नेता धनंजय सिंह यादव जनपद बिजनौर सपा इकाई का पुन: जिला महासचिव मनोनीत किया है। इससे पहले उन्हें 11 जून 25 को इसी पद पर पहली बार मनोनीत किया गया था। बीच में जनपद इकाई को भंग कर दिया गया था। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नसीम अहमद, नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी, सरफराज सिद्दीकी, देवेन्द्र यादव, सईद ठेकेदार, दुष्यंत यादव, शिवकुमार यादव, राजकुमार यादव आदि ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दी।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ

1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## तमिलनाडु की राजनीति

दक्षिण के राज्यों विशेषकर तमिलनाडु की राजनीति द्रविड़ों के इर्द-गिर्द रही है। काफी कोशिशों के बावजूद भाजपा यहां अभी तक तमिलनाडु में खास प्रदर्शन नहीं कर सकी है। इस बार भी भाजपा को केवल एक सीट पर सफलता मिली है। स्टालिन और उनके पुत्र ने भाजपा के खिलाफ द्रविड़ राजनीति और पहचान को धार देने के सारे प्रयास किए थे और उदयनिधि ने तो सनातन धर्म को 'कोरोना से भी अधिक खतरनाक' बता दिया था। भले ही तमिलनाडु में भाजपा का कोई जनाधार न रहा हो, पर अधिकांश तमिल हिंदू जनता के दैनिक जीवन में धार्मिक कर्मकांडों व परंपराओं का उत्तर भारतीयों की तुलना में स्थान बहुत अधिक है। ऐसे में संभवत: अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण तथा वाराणसी में कई साल से आयोजित होने वाले तमिल संगमम् ने 'हिंदुत्व' को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाई, भले ही भाजपा और अन्नाद्रमुक उनका लाभ नहीं ले सके। 1967 से जारी द्रविड़ राजनीति ने तमिलनाडु को देश की मुख्य धारा की राजनीति से अलग करने तथा 'विशिष्ट पहचान' के नाम पर बाकी भारतीयों से उसका अलगाव बढ़ाने में योगदान किया। दशकों से विज्ञान, तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहे युवा तमिल इन स्थितियों से प्रसन्न नहीं थे और शायद इसका नतीजा ही जोसेफ विजय की सफलता के रूप में सामने आया है। उधर, असम में कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी, पर इसके बावजूद वह केवल दहाई अंक तक सिमट कर रह गई। उसके मुख्यमंत्री उम्मीदवार गौरव गोगोई भी अपनी सीट बचाने में सफल नहीं हुए, जबकि उन्होंने लोकसभा सीट बहुत आराम से जीती थी। विडंबना है कि असम में जहां मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सर्मा 'हिंदुत्व' की लहर पैदा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे थे और कांग्रेस को 'मियां वाली पार्टी' बता रहे थे, वहीं कांग्रेस के जीते अधिकांश विधायक मुस्लिम समुदाय से हैं। हालांकि, कांग्रेस लंबे समय तक असम में सरकार चला चुकी है और हिंदुओं समेत उसका असम के सभी वर्गों में असर था, पर अब उसका केवल अल्पसंख्यकों तक सिमट जाना चिन्ता का विषय होना चाहिए। समाप्त

# एआई और सोशल मीडिया की अति कहीं विकास योजनाओं में बाधक न बन जाए!

**आज युवाओं में सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक फॉलोवर्स बढ़ाने की होड़ दिखाई दे रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एआई का अत्यधिक उपयोग करते हुए अनेक लोग बिना तथ्यों की गहराई समझे लंबे-लंबे लेख, पोस्ट और वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे जनमानस की भावनाओं को प्रभावित करने लगी है, जो भविष्य में विकास योजनाओं के लिए बाधक सिद्ध हो सकती है।**

वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सोशल मीडिया का युग है। तकनीक ने मानव जीवन को सरल बनाया है, विचारों के आदान-प्रदान को गति दी है तथा समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। किन्तु हर तकनीक का एक संतुलित उपयोग आवश्यक होता है। यदि किसी भी साधन का आवश्यकता से अधिक अथवा बिना दूरगामी परिणामों को समझे उपयोग किया जाए, तो वही साधन समाज और विकास के लिए चुनौती भी बन सकता है।



आज युवाओं में सोशल मीडिया पर अधिक से अधिक फॉलोवर्स बढ़ाने की होड़ दिखाई दे रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एआई का अत्यधिक उपयोग करते हुए अनेक लोग बिना तथ्यों की गहराई समझे लंबे-लंबे लेख, पोस्ट और वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे जनमानस की भावनाओं को प्रभावित करने लगी है, जो भविष्य में विकास योजनाओं के लिए बाधक सिद्ध हो सकती है।

जनपद बिजनौर इस समय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। एक ओर शामली-गोरखपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके अंतर्गत औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जाने की योजना है। इसके लिए यूपी ईडा जैसी संस्थाएं उपयुक्त भूमियों की तलाश में कार्य कर रही हैं। दूसरी ओर गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर होते हुए हरिद्वार से जोड़ने की दिशा में भी गंभीर प्रयास चल रहे हैं, जिसकी लगभग घोषणा भी हो चुकी है। यह दोनों योजनाएं जनपद के आर्थिक, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती हैं।



किन्तु विगत कुछ समय से सोशल मीडिया पर इन परियोजनाओं को लेकर अनावश्यक विवाद और घमासान देखने को मिल रहा है। विशेषकर गंगा एक्सप्रेस-वे के मार्ग को लेकर विभिन्न स्थानों से इसे निकाले जाने की मांगों से संबंधित अनेक पोस्ट निरंतर प्रसारित की जा रही हैं। जबकि पूर्व में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बिजनौर के पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों जैसे विदुरकुटी, कण्व ऋषि आश्रम आदि क्षेत्रों को जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से जोड़ने की बात कही गई थी। बाद में अन्य संभावित मार्गों की चर्चाएं भी सामने आईं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं प्रारंभ हो गईं।

यह उचित है कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है, किन्तु केवल सोशल मीडिया पर चर्चा में बने रहने अथवा फॉलोवर्स बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे विषयों को अनावश्यक रूप से उछालना, जो भविष्य की विकास योजनाओं को प्रभावित कर सकते हों, निश्चित रूप से चिंताजनक है। विकास योजनाएं केवल सड़कों या भवनों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि वे आने वाली पीढ़ियों के रोजगार, उद्योग, पर्यटन और समग्र क्षेत्रीय उन्नति का आधार बनती हैं।

विशेष चिंता का विषय यह है कि एआई की सहायता से बिना गहन अध्ययन और तथ्यों की पुष्टि किए पूरे-के-पूरे लेख और विचार सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जा रहे हैं। यदि यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इन पोस्टों का प्रभाव जनमानस की भावनाओं पर पड़ सकता है और कहीं ऐसा न हो कि लोग विकास योजनाओं के प्रति ही भ्रमित होकर उनके विरोध में खड़े होने लगें। यह किसी भी क्षेत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी।

आवश्यकता इस बात की है कि एआई और सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक, रचनात्मक और सीमित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाए। तकनीक समाज को जोड़ने, जागरूकता फैलाने और विकास को गति देने का माध्यम बने, न कि भ्रम और अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने का।

आज समय की मांग है कि जनपद बिजनौर के विकास से जुड़ी योजनाओं को राजनीतिक या सोशल मीडिया की प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर देखा जाए। यदि हम सभी संयम, जिम्मेदारी और दूरदृष्टि के साथ कार्य करेंगे, तभी विकास की यह धारा जनपद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकेगी।

**▶▶विकास कुमार अग्रवाल**
(लेखक IIA के डिवीजनल चेयरमैन के साथ साथ एक सुपरिचित साहित्यकार भी हैं)

## गुरु की सेवा के लिए शिष्य को हर पल तैयार रहना चाहिए!

**प्रेरक-प्रसंग**

संत एकनाथ से जुड़ा किस्सा है। एकनाथ जी ने एक आश्रम बनाया था। आश्रम में उनके साथ ही कई और लोग भी रहते थे। उनमें एक उनका निजी सचिव भी था। उसका नाम था पूरन पौड़ा। निजी सचिव का ये नाम इसलिए पड़ा था, क्योंकि वह भोजन बहुत करता था, उसे भूख बहुत लगती थी। थोड़ा मोटा भी हो गया था। पूरन पौड़ा एकनाथ जी से पहले जाग जाता था। दिनभर एकनाथ जी जो कुछ भी करते, पूरन पौड़ा उनके साथ रहकर सेवा करता था। अपने गुरु के सोने के बाद सोता था। वह हर पल गुरु सेवा के लिए हमेशा जागृत रहता था। एक दिन एकनाथ जी को लगा कि अब मैं ये संसार छोड़कर जाने वाला हूं तो उन्होंने सभी शिष्यों को बुलाया। एकनाथ जी ने सभी से कहा, इन दिनों मैं एक ग्रंथ लिख रहा हूं। मुझे ये लग रहा है कि मेरी आयु पूरी हो गई है तो शायद ये ग्रंथ पूरा नहीं हो पाएगा। मेरे जाने के बाद ग्रंथ अधूरा रह जाए तो इसे पूरन पौड़ा से पूरा कराना। ये सुनकर सभी को बहुत आश्चर्य हुआ। सभी कहने लगे कि आपका पुत्र हरि योग्य है, पंडित बन गया है, उसने नियमों के अनुसार अध्ययन किया है। आपका अधूरा ग्रंथ पूरा करने का अधिकार उसे है।

# वालिया ग्लोबल एकेडमी में मातृ दिवस पर भावनात्मक कार्यक्रम

नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में माताओं के प्रति प्रेम व सम्मान हेतु एक भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि समाजसेविका एवं कवियत्री श्रीमती रश्मि अगवाल, विद्यालय के प्रबन्धक कमलकांत वालिया, श्रीमती इंदू वालिया, रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया, अश्विन वालिया तथा श्रीमती जाह्नवी वालिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविता, नुक्कड़ नाटक तथा विचारों के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम व सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर माताओं के लिए रोचक खेल, आकर्षक गतिविधियों फायर लेस कुकिंग ड्राइंग डांस गीत, रेम्प बॉक आदि का आयोजन किया गया। जिसमें फायर लेस कुकिंग में माताओं ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार कर अपनी रचनात्मकता प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। सुंदर आकर्षक चित्रों के माध्यम से अपनी कला को उजागर किया। सभी माताओं ने मिलकर केक काटा व एक-दूसरे को मातृ-दिवस की बधाई दी। मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि माँ का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है, वह बच्चों को सही मार्गदर्शन प्रदान करती है। विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत वालिया ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें मातृ दिवस की बधाई दी। प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता सिवाच ने कहा माँ हमारे जीवन की प्रथम गुरु है। बच्चों को मां के प्रति कृतज्ञ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक हार्दिक गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। फायर लेस कुकिंग, डाइंग गीत रैम्प वाक प्रतियोगिता में माताओं को मास्टर सेफ ग्लेमर्स मॉम, सुपर मॉम, गोल्डन मोम आदि पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।


मातृ दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


## गाली देने से मना करने पर ईंट पत्थर व डंडों से हमला

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम कनकपुर कलां निवासी साबरा पत्नी नौशाद ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनके घर के दरवाजे के सामने गांव निवासी इरशाद, दिलशाद, हनीफ, अरमान गाली-गलौच कर रहे थे, जब उसने गाली-गलौच का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके परिवार पर ईंट-पत्थरों व डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसके व परिवार के लोगों के काफी चोंट आई है। वहां मौजूद ग्रामवासियों ने उन्हें बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर गये है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने जीवन बर्बाद करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के ग्राम फजलपुर तबेला निवासी शबाना पत्नी सलमान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराकर व थाना प्रभारी नजीबाबाद को पत्र देकर अपने परिवार पर उसका जीवन बर्बाद करने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि उसके पिता व माता अब तक आधा दर्जन लोगों के साथ उसकी शादी करके पैसा ले चुके हैं, पहले उसकी शादी बढ़ापुर के नूरआलम से की गई जिसने बाद में तलाक दे दिया था। 5 मई को उसका सलमान से निकाह हो गया तथा वह उसके घर में रहने लगी, उसके माता-पिता ने उससे भी हजारों रूपए ले लिये। बाद में उसके पिता व चाचा ने उसके पति के साथ मारपीट की। आरोप है कि उसके माता-पिता उसका यह घर भी उजड़वाना चाहते है तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे है। पीड़िता ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कल किरतपुर विराजेंगे जैन मुनि



किरतपुर (चिंगारी)। बिजनौर में विराजमान मुनि श्री विवृत सागर जी एवं विश्वार्थ सागर जी बिजनौर से पैदल विहार कर कल सुबह 6:45 पर किरतपुर बस स्टैंड पर पहुंचेंगे, जहां पर जैन समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा और नगर में प्रवेश कराया जाएगा। श्री आदिनाथ मंदिर की में पहुंचकर वह धर्म सभा को भी संबोधित करेंगे उक्त जानकारी सुनील जैन अध्यक्ष मंदिर कमेटी एवं मंत्री संजय जैन सीमेंट वालों ने देते हुए सभी समाज से उनका स्वागत एवं प्रवचन सुनने के लिए आग्रह किया है।

## बंदर की हरकत से पति की जान गई, पत्नी घायल



बिजनौर (चिंगारी)। धामपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम ककराला निवासी सहदेव सिंह अपनी पत्नी के साथ दवाई लेने जा रहे थे। शादीपुर-नहटौर रोड पर एस.जी.एल. स्कूल के पास अचानक एक बंदर पेड़ पर से उनकी मोटरसाइकिल पर कूद पड़ा, जिससे पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े। दोनों घायलों को बिजनौर में एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां सहदेव सिंह की मृत्यु हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

## लोन वाले मकान का धोखाधड़ी से बैनामा करने की रिपोर्ट दर्ज

नजीबाबाद (चिंगारी)। आदर्शनगर बी/6 निवासी शोभा टांक पत्नी अनुराग टांक ने थाने पर तहरीर देकर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके साथ आदर्शनगर निवासी हेमलता शर्मा पत्नी राजकुमार व उसके पुत्र सचिन शर्मा ने अपने मकान पर लिया गया लोन अदा न कर उसे मकान बेचकर उसके साथ धोखाधड़ी की है। वह उक्त मकान को खरीदने के बाद वह उसमें रहने लगे थे। 7 अप्रैल 2026 को हिंदुजा हाऊसिंग फाईनेन्स लि0 वाले उनके मकान पर आए तथा उन्होंने वहां नोटिस चस्पा कर दिया। जिसमें बताया गया कि पुराने मकान मालिक हेमलता व सचिन ने मकान पर लोन ले रखा है, जो अदा नहीं किया गया है, लोन की बात छिपाते हुए उन्हें मकान बेचा गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 35 लाख खर्च कर लगाया गया मल-जल प्लांट अभी निष्क्रिय

### बिजली कनेक्शन न मिलना बना समस्या



नहटौर (चिंगारी)। मल जल के संशोधन को लगाया गया प्लांट विद्युत कनेक्शन न होने के कारण संचालित नहीं हो पाया। स्वच्छता अभियान के जिला कोऑर्डिनेटर ने भी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया। प्लांट निर्माण पर पालिका द्वारा करीब 35 लाख रुपये खर्च किये गये। नहटौर पालिका के मौहल्ला काजियान में नवनिर्मित मल जल संशोधन प्लांट का स्वच्छता अभियान के जिला समन्वयक हरीश कुमार गंगवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संचालक को लेकर पालिका प्रशासन से जानकारी ली और अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारी को भेजने की बात कही। पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि प्लांट का निर्माण पूरा हो चुका है। विद्युत कनेक्शन ना हो पाने के कारण संचालन नही हुआ है। करीब दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी प्लांट का संचालन नहीं हो पता है। पालिका द्वारा विद्युत विभाग की ओर से जारी की गई डिमांड के आधार पर 3,66,493 रुपए जमा कर दिए गए हैं। वहीं एसडीओ अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। यदि एस्टीमेट के अनुसार पैसा जमा किया गया है तो जल्द ही अगले कार्रवाई की जाएगी।

## हमसाद व सरवरी की मौत से दो गांवों में शोक व्याप्त

फैजानिया (चिंगारी)। ग्राम जलालपुर निवासी हमसाद (28 वर्ष) चेन्नई में बाल कटिंग का काम करता था हमसाद अभी दो माह पहले चेन्नई गया था, जहां कल उसकी तबयत खराब हो गयी उसके साथ काम करने वाले लड़के उसको उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गए जहाँ चिकित्सक ने बताया कि हमसाद को हार्ट अटैक आया है। उपचार के दौरान हमसाद की मौत हो गई। हमसाद की डेड बॉडी को चेन्नई से उसके गांव लाया जा रहा है। गांव में ही उसका दफिना होगा। हमसाद के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। हमसाद के माता पिता पहले ही इस दुनिया को छोड़ चुके है। हमसाद अच्छे व्यवहार का लड़का था जिसका गांव मे बहुत गम है। दूसरी खबर गांव पावटी की है। गांव निवासी सरवरी 60 वर्ष की मोटरसाइकिल से गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सरवरी का 20 वर्षीय पुत्र मानसिक रूप से बीमार है, जिसका इलाज मानसिक चिकित्सा करने वाले चिकित्सक वैद हकीम से कराया गया है, लेकिन कोई फायदा ना मिलने के कारण अपने पुत्र को साधु सूफियों को दिखलाती घूम रही थी, जो जहां बताता सरवरी अपने पुत्र को वहीं ले जाती इसी भाग दौड़ में कल सरवरी अपने दामाद के साथ अपने पुत्र को चांदपुर क्षेत्र के गांव फंदेड़ी में किसी मजार पर ले जा रही थी कि अचानक सरवरी मोटरसाइकिल से गिर गई जिससे सरवरी के सिर में गंभीर चोट लग गई। सरवरी को उपचार के लिए पास के एक निजी चिकित्सक को दिखाया गया। चिकित्सक ने सरवरी की गंभीर अवस्था को देखते हुए मुरादाबाद रैफर कर दिया, जहां सरवरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। सरवरी की मौत की खबर सुनकर गांव में शोक व्याप्त हो गया।

## नगरपालिका कार्यालय में डिजिटल स्व-गणना कार्य का शुभारंभ




नजीबाबाद (चिंगारी)। नगरपालिका परिषद कार्यालय सभागार में जनगणना 2027 के अंतर्गत डिजिटल स्व-गणना कार्य का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 7 से 21 मई तक चलेगा। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि नगरवासी भी अपने मोबाइल से स्वयं भी गणना पत्र भर सकते है। उक्त कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष/सभासदगण व नामित सभासदों ने उपस्थित होकर अपने-अपने मोबाइल से स्वयं की गणना पत्र भरकर अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, सभाद इशाद अहमद, नामित सभासद कलवा शेख मंसूरी, जनगणना सहायक अभिरक्षण अधिकारी विपिन कुमार चैहान कर अधीक्षक, योगेंद्र सिंह व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सूचना

मेरा पुत्र मौ. हुजैफा मेरे व मेरी पत्नी के साथ आएदिन आमादा फिसाद रहता है। काफी समझाने पर भी बाज नहीं आ रहा है। इसलिए मैने मौ. हुजैफा से पिता-पुत्र का संबंध खत्म कर उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। परिवार का उससे कोई भी ताल्लुक वास्ता नहीं है। अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

-फुरकान अहमद पुत्र मौ. सद्दीक, निवासी मौ. रम्पुरा थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर

# उत्तराखण्ड बन गया अपराधियों की शरणस्थली-उपाध्याय



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तराखंड में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और संस्कृति पतन निरंतर जारी है जो चिंताजनक है, जिससे समाज में अनेकों बुराइयों का जन्म हो गया है। राष्ट्रीय पार्टियों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए राष्ट्रीय पार्टियों जिम्मेदार हैं। उन्होंने सरकार में रहते हुए राज्य के लिए कोई ठोस नीति एवं प्रदेश का नियोजन ठीक प्रकार से नहीं किया। उन्होंने केवल प्रदेश को लूटने का काम किया है। उनके पास अपनी 2037 तक सरकार बनाने का फार्मूला ढूंढने के लिए समय तो है

## उक्रांद के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की प्रेसवार्ता

लेकिन 2037 तक हमारा प्रदेश कैसा होगा उसकी विकास दर क्या होगी, इसके लिए उन्होंने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। आज उत्तराखंड अपराधियों की शरण स्थली बन कर रह गया है, प्रदेश में महिलाओं पर अपराध और अन्य अपराधों का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। प्रदेश में युवा रोजगार के लिए पलायन कर रहा है वहीं महिलाओं के लिए राज्य सरकार के पास कोई ठोस योजना धरातल पर नहीं है। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने सम्राट पवार को दल का केंद्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

महानगर ऋषिकेश के कार्यकर्ताओं ने सम्राट पवार का भव्य स्वागत किया। सम्राट पवार ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि उनके द्वारा दिए गए दायित्व पर मैं खरा उतारूंगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता लताफ़त हुसैन, केंद्रीय उपाध्यक्ष मोहन सिंह असवाल, केंद्रीय संगठन मंत्री युद्धवीर सिंह चौहान, वरिष्ठ नेत्री रामेश्वरी चौहान, राजेंद्र प्रधान, मनोज कांडपाल, कमलेश्वरी रावत, उपस्थित आदि उपस्थित थे।

# वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा की पत्नी अर्चना शर्मा को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

**धामपुर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा की पत्नी श्रीमती अर्चना शर्मा के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। नगीना मार्ग स्थित विनायक मंडप में आर्य समाज पद्धति से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने स्व. अर्चना शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर आर्य समाज की भजनोपदेशक मंडली द्वारा श्रीमती अर्चना शर्मा के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी एवं मार्मिक प्रसंग सुनाये गए। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, नगर पालिका चेयरमैन रवि चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार सत्यराज, चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरजा सिंह, धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता, लाला नरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती मधुश्री अग्रवाल, अतुल गुप्ता, सतवंत सिंह सलूजा, स्योहारा के पत्रकार कांता पुष्पक, समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता, जितेंद्र शर्मा 'बबलू', आरएसएम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि शर्मा रावल, डॉ. शंकर लाल शर्मा, रमेश स्वीट्स के स्वामी विकास अग्रवाल, कन्हैया स्वीट्स के स्वामी मुकेश शर्मा, कुंवर आशीष राजपूत, डॉ. जेपी शर्मा देहरादून, एडवोकेट केपी शर्मा सहारनपुर, राजकुमारी जयपुर, राहुल चौधरी दिल्ली, रोहित जयपुर, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद नवीन, पत्रकार संघ धामपुर के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार सतीश शर्मा, अभिषेक गुप्ता, केशव राजपूत, सुमित शर्मा, शरद राजवंशी, मनोज कात्यायन, मुदित बंसल, महेन्द्र सलूजा, एसपी सलूजा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. अर्चना शर्मा के पति पत्रकार महेश शर्मा, पुत्र शिखर दीप एवं विशाल दीप ने सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

# जिला टॉपर व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में जिला टॉपर व प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।



यूपी बोर्ड में इंटर में जनपद में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कु. आकृति।

यूपी बोर्ड में इंटरमीडिएट की छात्रा कुमारी आकृति सिंह ने जिले की टॉप 10 सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा द्वारा यूपी बोर्ड इंटर मीडियड की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा चारु ठाकुर, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आयुषी आर्य तथा हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी तेजस्वी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हंसिका, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्र यति वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान पर रही छात्राओं को 5000 रुपए व 2500 रु हाई स्कूल की उत्तीर्ण छात्राओं को नकद दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा का बैज लगाकर व पटका पहनाकर श्रीमती शोभा अग्रवाल, रश्मि गोयल, श्रीमती उषा अग्रवाल ने स्वागत किया जबकि राकेश चंद्र अग्रवाल, विजय कुमार, राजीव गोयल, संजय अग्रवाल मुनिया, सचिन अग्रवाल, उदित बंसल आदि ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर किया। स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा शर्मा ने किया।

# चम्पावत की घटना सभ्य समाज के माथे पर कलंक- रसिक महाराज

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रायवाला सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने चम्पावत में हुई घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए इसे सभ्य समाज के माथे पर कलंक बताया। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती ऐसी घटनाएँ मानवता और संस्कारों के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि कानून का भय बना रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं 11 मई को संतों का प्रतिनिधिमंडल लेकर चम्पावत में पीड़ित परिवार से मिलेंगे और उसके बाद सच्चाई को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने सभी सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों समाज में शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की।



# अप्रेंटिस मेला 11 को

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दुगड्डा में 11 मई को अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा। प्रधानाचार्य गोविंदा ने बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार कौशल विकास एवं सेवायोजन निदेशालय हल्द्वानी के निर्देशों के क्रम में अप्रेंटिसशिप मेले में प्रदेश व प्रदेश से बाहर से 10 से अधिक उद्योग एवं विभाग प्रतिभाग करेंगे। मेले में हाईस्कूल, इंटर, आईटीआई डिप्लोमा, डिग्री उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों, कंपनियों में अप्रेंटिस करने का अवसर प्राप्त होगा।

# शौर्य दिवस के रूप में मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती हिंदू शौर्य दिवस के रूप में आज धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में महाराणा प्रताप चौक प्रतिमा स्थल एवं स्मृति वाटिका पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम गांव अलावलपुर स्थित शिव मंदिर में हवन किया गया। पुरोहित जितेंद्र पाल सिंह गहलौत द्वारा कराए गए यज्ञ में मुख्य यजमान स्मृति वाटिका के संस्थापक पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह एवं संस्था के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान रहे। इसके बाद महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और शर्बत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के महामंत्री भूपेंद्र सिंह चौहान, धनंजय सिंह चौहान, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. आरके चौहान, नागेश्वर दयाल गहलौत,



हवन यज्ञ में शामिल क्षत्रिय बंधु।

डीपी सिंह, डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. मनोज प्रताप सिंह, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. नागेंद्र शेखावत, कुंवर आशीष राजपूत, डॉ. अशोक कुमार, मदनपाल सिंह, अशोक प्रताप सिंह, अजय पाल सिंह, ऋषि राज सिंह हापुड़, रविकांत, भूपेंद्र चौहान, अवनीश सिंह, नवनीत सिंह, धर्मेश चौहान, मास्टर विनोद कुमार, सौरभ ठाकुर सहित अनेक क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# ईओ नगर पालिका ने दिया जनगणना का प्रशिक्षण

**धामपुर ( चिंगारी )।** जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व गणना का प्रशिक्षण नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में पालिका के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला द्वारा दिया गया। इस मौके पर स्व गणना ओरिएंटेशन का शुभारंभ भी किया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्व गणना की गई। स्व गणना प्रशिक्षण पालिका के सहायक जनगणना चार्ज अधिकारी हेमेंद्र सिंह, जनगणना लिपिक तरुण द्वारा भी दिया गया।

# ओमवती के निधन से जिले की राजनीति के एक अध्याय का अवसान

## 77 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन



**बिजनौर/नगीना (चिंगारी)। चार बार की विधायक, एक बार सांसद और एक बार राज्यमंत्री रहीं जिले की दिग्गज कांग्रेस लीडर ओमवती देवी का कल अपराह्न निधन हो जाने से जिले में शोक की लहर दौड़ गई।**

परिजनों के अनुसार ओमवती देवी (77 वर्ष) कल दोपहर रुटीन चेकअप के लिए मंडावर रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल गई थीं। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद ही उनका निधन हो गया।

ओमवती देवी बिजनौर की राजनीति का एक बड़ा चेहरा थीं। पहली बार सन् 1985 में कांग्रेस के टिकट पर नगीना से विधायक बनी थीं। इसके बाद 1996 व 2002 में सपा के टिकट पर तथा 2007 में बसपा के टिकट पर विधायक चुनी गईं और मायावती सरकार में उन्हें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया था। 2017 के चुनाव में उन्होंने भाजपा से भी किस्मत आजमाई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

इसके अलावा वर्ष 1998 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर बिजनौर लोकसभा सीट से सांसद भी चुनी गई थीं।

### जिले की राजनीति में दबदबा रहा

एक समय में ओमवती देवी और उनके आईएएस पति आर.के. सिंह का जिले की राजनीति में दबदबा था। वर्ष 2013 में उन्होंने अपने पति एवं सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आरके सिंह के साथ बसपा छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। बाद में वर्ष 2019 में दोनों भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। वर्तमान में उनकी पुत्रवधू हेनरीता राजीव सिंह कांग्रेस की जिलाध्यक्ष हैं। ओमवती देवी के पुत्र वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं।

### आरके सिंह के पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

ओमवती देवी का अंतिम संस्कार उनके पति आरके सिंह के पैतृक गांव रूपपुर में किया जायेगा। आज सुबह उनकी शवयात्रा आवास विकास कालोनी बिजनौर से शुरू होकर नगीना पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। नगीना से ओमवती देवी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव टीकावाली ले जाया गया, जहां ग्रामीण उनके अंतिम दर्शन के लिये उमड़ पड़े। वहां से नूरपुर होते हुए शवयात्रा आर.के. सिंह के पैतृक गांव रूपपुर पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता है।

### दिग्गजों ने शोक व्यक्त किया

भाजपा विधायक ओमकुमार नहटौर, सपा विधायक मनोज पारस नगीना व हाजी तसलीम अहमद नजीबाबाद, वरिष्ठ रालोद नेता महावीर सिंह, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता काजी अरशद मसूद, शेख मो. अंजार, साहू संतोष कुमार अग्रवाल, सिद्दीक मुल्तानी, राकेश मिश्रा एडवोकेट, शिक्षक/पत्रकार परवेज आदिल माही, काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, इरशाद मुल्तानी, अरशद प्रिंस आदि ने श्रीमती ओमवती देवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रेडक्रॉस सोसायटी ने क्षय रोगियों को बांटी पोषण पोटली



**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडक्रॉस सोसायटी जनपद बिजनौर द्वारा रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर परिसर में दिव्यांग शिविर व क्षय-रोगियों हेतु पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर द्वारा एवं संचालन योगेंद्रपाल सिंह योगी मिडिया प्रभारी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान बॉबी ने अपने संबोधन में रेडक्रॉस सोसायटी की प्रसंशा करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी जनपद में दिव्यांग विभाग व स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर दिव्यांग शिविर, रक्तदान व ग्रामीण क्षेत्रों स्वास्थ्य शिविर लगाने जैसा उत्कृष्ट कार्य कर रही है। कार्यक्रम में 50 क्षय रोगियों को स्वास्थ्यवर्धक पोटली का वितरण जिला अध्यक्ष भाजपा व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. कौशलेंद्र सिंह द्वारा किया गया। शिविर में 102 दिव्यांगों को चिन्हित किया गया, जिन्हें बाद में ट्राइसाइकिल, हेयरिंग मशीन व अन्य सहायक उपकरण ऐलिको के माध्यम से निःशुल्क प्रदान किये जाएंगे। कार्यक्रम में श्रीमती रचना कपूर, डा. सुबोधचन्द्र शर्मा, रोबिन सिंह, सुनिल कुमार, डा. विशाल, योगेश ठाकुर, अनुज पाठक, डा. नरेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।

# मकान को मस्जिद का रूप देने पर रोष, ज्ञापन दिया



**चांदपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र ग्राम असलापुर उर्फ तोफापुर के ग्रामीणों ने गांव में स्थित एक मकान को मस्जिद के रूप में इस्तेमाल किये पर रोष जताया तथा मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सम्बंधित लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि गांव निवासी मोहम्मद शाकिर पुत्र सदिक अहमद का मकान है जिसको पहले रहने के उद्देश्य से बनाया गया था, परंतु बाद में इसी गांव के मुस्लिम समाज के लोग इस मकान को मस्जिद के रूप में इस्तेमाल करने लगे। इसी मकान में बाहर से जमात आकर रूकती है, जिसके चलते क्षेत्र में माहौल खराब हो सकता है। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना जिला उपप्रमुख मुकेश लांबा, हेमेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, वेदपाल सिंह, अनिल कुमार, नाथू सिंह, सुखबीर उधम सिंह विशाल, कृष्णा, हुकम सिंह आदि मौजूद रहे।

# जंगल गये व्यक्ति को सांप ने डसा



**नूरपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव ढेला अहीर निवेश मौहम्मद अफ़ज़ल (50) शुक्रवार की शाम जंगल घूमने गया था। इस दौरान झाड़ी में बैठे एक सांप ने उसे काट लिया। घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार अफ़ज़ल की हालत ठीक है।

# शिक्षक के विरुद्ध बच्चों ने बीएसए कार्यालय पर धावा बोला

## अभिभावकों के साथ धरना दिया, बीएसए के आश्वासन पर वापस लौटे



**बिजनौर (चिंगारी)।** यहां बीएसए कार्यालय पर कल उस समय हड़कम्प मच गया, जब कम्पोजिट विद्यालय जमालपुर मीमला के बच्चे अपने अभिभावकों के साथ धरने पर आ बैठे और अपने विद्यालय के शिक्षक का तबादला करने की मांग की। चेतावनी दी कि अगर मास्साब को नहीं हटाया गया तो वे स्कूल नहीं जायेंगे। काफी देर तक हंगामे के बाद आखिरकार बीएसए ने शिक्षक का तबादला करने का आश्वासन दिया, जिस पर बच्चों का धरना समाप्त हुआ।

दरअसल, विकास क्षेत्र आकू के कंपोजिट विद्यालय जमालपुर मीमला में पिछले कई दिनों से विद्यालय के शिक्षक सौरभ कुमार से वहां के बच्चे और उनके अभिभावक नाराज हैं। बच्चों का आरोप है कि शिक्षक सौरभ कुमार उनके साथ बेरहमी से मारपीट करते हैं। यह मामला काफी दिनों से चर्चाओं में है। शुक्रवार को स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा शिक्षक सौरभ कुमार के तबादले की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। स्कूली बच्चों के साथ आये किसान यूनियन के नेता कमल सिंह, धीरज सिंह, पृथ्वी सिंह, शौकीन सिंह, शैलेंद्र सिंह ढाका, राजेंद्र सिंह, अमर सिंह व मनीष कुमार आदि का कहना था कि आएदिन बच्चे शिक्षक सौरभ द्वारा पिटाई करने का आरोप लगाते रहते हैं। बच्चों में डर का माहौल है। बच्चों के हितों को देखते हुए शिक्षक को तुरंत विद्यालय से हटाया जाना चाहिए।

# बिजनौर में आज समारोहपूर्वक मनाई जायेगी महाराणा प्रताप जयंती

## काकरान वाटिका में होगा भव्य समारोह



**बिजनौर ( चिंगारी )।** क्षत्रिय राजपूत सभा समिति बिजनौर द्वारा आज 9 मई को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाई जायेगी। समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह चौहान, महासचिव देवेंद्र पाल सिंह एड., कोषाध्यक्ष मनोज चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप जयंती का समारोह आज सायं 6 बजे काकरान वाटिका बिजनौर में आयोजित किया जायेगा। इससे पूर्व शक्ति चौक पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरूण कुमार सेवानिवृत्ति जनरल मैनेजर बीएचईएल एवं विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र चौहान बॉबी जिलाध्यक्ष भाजपा बिजनौर होंगे। समारोह में क्षत्रिय समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जायेगा। महासचिव देवेन्द्रपाल सिंह ने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने क्षत्रिय समाज के सभी लोगों से सपरिवार समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

**वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में बिजनौर में शक्ति चौक पर स्थापित महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजाया गया है। प्रतिमा स्थल की भव्यता देखते ही बनती है। क्षत्रिय राजपूत सभा समिति द्वारा आज सायं 6 बजे प्रतिमा स्थल पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर वीर शिरोमणि को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी।**

# बाइक पेड़ से टकराई, युवक ने जान गंवाई



**किरतपुर ( चिंगारी )। निकटवर्ती गांव शादीपुर जोना का 26 वर्षीय युवक विकास पुत्र राजेश कल शाम ग्राम आलोपुर से अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ग्राम से सिसोना के पास पहुंची तो बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। चीख पुकार सुनकर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गए, सूचना मिलने पर पुलिस व परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। घायल विकास को तुरंत सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले बिना कोई पुलिस की कार्रवाई के शव को अपने घर ले गए और आज सुबह उसका अंतिम संस्कार कर दिया।**

## घर में घुसकर नकदी उड़ाई, मोटरसाइकिल में आग लगी



**किरतपुर ( चिंगारी )।** एक ही मोहल्ले में घर में घुसकर चोरी होने तथा दूसरी घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगने की घटना से मोहल्लनेवासी स्तब्ध हैं। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय मोहल्ला अंबेडकरनगर के डॉ. मनोज कुमार के घर में घुसकर चोर ने कमरे में रखा मोबाइल तथा सेफ का ताला तोड़कर एक सोने की चेन व 10000 नकद चुराकर ले गया। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। दूसरी घटना पास वाली गली में राकेश पुत्र विजय की बाइक नंबर यूपी 20 V 1612 बाहर खड़ी थी। रात करीब 2:30 बजे बाइक जलने लगी। आग की लपटें देख मोहल्लेवालों ने बड़ी मुश्किल से बाइक में लगी आग बुझाई। दोनों घटनाओं से मोहल्लेवासियों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर की तलाश शुरू कर दी और शीघ्र ही खुलासा करने का दावा किया।

## भारत-तिब्बत सहयोग मंच का स्थापना दिवस मनाया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारत-तिब्बत सहयोग मंच जिला बिजनौर के तत्वावधान में मंच के 28वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम रावली रोड बिजनौर स्थित इन्द्रलोक कॉलोनी के शिव मन्दिर प्रांगण किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश मंत्री/जिला प्रभारी कुंवर दीप देशवाल, जिला अध्यक्ष विवेक अहलावत, महामन्त्री श्वेत रस्तौगी व महामन्त्री मोहित अहलावत ने सामुहिक रुप से भगवान शिव का जलाभिषेक कर व दीप प्रज्वलित कर किया। प्रांतमन्त्री कुंवर दीप देशवाल ने बताया कि भारत-तिब्बत सहयोग मंच की स्थापना 5 मई 1999 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं मंच के मार्गदर्शक व संरक्षक श्रीमान इन्द्रेश कुमार ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की उपस्थिति में धर्मशाला में की थी। मंच का उद्देश्य तिब्बत की आजादी, भारत की सीमा सुरक्षा, तिब्बतीयों की सुरक्षा, चीन की विस्तारवादी नीति का व चीनी वस्तुओं का बहिष्कार एवं कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए जनजागरण कर समाज को एकत्रित करना है। तिब्बत की आजादी से चीन से भारत की सुरक्षा की गारंटी स्थापित होगी। श्वेत रस्तोगी ने संचालन करते हुए संगठन की विचारधारा को धार देने का काम किया। कार्यक्रम का समापन जिला अध्यक्ष विवेक अहलावत ने किया।

# ट्रंप की सनक से विश्व शांति को खतरा- काजी

**बिजनौर ( चिंगारी )। सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप कभी जंग रोकते हैं, कभी हमले करते हैं, कभी टैरिफ की धौंस देते हैं। ये सब पागलपन नहीं तो और क्या है? उनकी सनक ने आज अमेरिका को दुनिया से अलग-थलग कर दिया है और इन हरकतों से अमेरिका के साथ पूरा विश्व खतरे में पड़ गया है। ईरान ने तो ये तय कर लिया है कि करो या मरो। पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजे आने के बाद हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता किसी की बपौती नहीं, जनता की दी हुई ताकत है अगर कोई ताकत का दुरुपयोग करके सत्ता में आ भी गया तो जनता खुद इंसाफ कर देगी।**

# मेवाड़ का सिंह : महाराणा प्रताप

## शौर्य, पराक्रम और बलिदान की अमरगाथा

## घास की रोटियां स्वीकार थीं, पर गुलामी नहीं

भारत के इतिहास में जब भी वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की चर्चा होती है, तब सबसे पहले महाराणा प्रताप का नाम सम्मान और गर्व के साथ लिया जाता है। महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ के राजा नहीं थे, बल्कि वे हिंदवी स्वाभिमान, स्वतंत्रता और अदम्य साहस के प्रतीक थे। उनका जीवन संघर्ष, त्याग, शौर्य और पराक्रम की ऐसी प्रेरणादायक गाथा है, जो सदियों बाद भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करती है। महाराणा प्रताप का जन्म वीरों की भूमि मेवाड़ में हुआ था। बचपन से ही उनमें साहस, निर्भीकता और युद्ध कौशल की अद्भुत क्षमता दिखाई देती थी। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उस समय भारत पर मुगल सम्राट अकबर के शासन का विस्तार हो रहा था और अनेक राजाओं ने उसके सामने आत्मसमर्पण कर दिया था, किंतु महाराणा प्रताप ने कभी भी पराधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे अपने राज्य, धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेंगे। हल्दीघाटी का युद्ध महाराणा प्रताप के अद्भुत शौर्य और पराक्रम का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह युद्ध केवल भूमि के लिए नहीं, बल्कि स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लड़ा गया था। महाराणा प्रताप ने अपनी छोटी-सी सेना के साथ विशाल मुगल सेना का सामना किया। युद्धभूमि में उनका साहस ऐसा था कि शत्रु भी उनकी वीरता देखकर कांप उठते थे। वे स्वयं सेना के अग्रभाग में रहकर युद्ध करते थे और अपने सैनिकों का उत्साह बढ़ाते थे। इस युद्ध में उनके प्रिय अश्व चेतक ने भी अद्भुत वीरता और स्वामी भक्ति का परिचय दिया। घायल होने के बावजूद चेतक ने महाराणा प्रताप को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया और फिर अपने प्राण त्याग दिए। चेतक का बलिदान आज भी वीरता, निष्ठा और समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण माना जाता है। महाराणा प्रताप का जीवन केवल युद्धों तक सीमित नहीं था, बल्कि वह त्याग और संघर्ष की मिसाल भी थे। उन्होंने जंगलों और पहाड़ों में रहकर अत्यंत कठिन जीवन व्यतीत किया। कभी घास की रोटियां खाकर दिन बिताए, तो कभी अपने परिवार सहित कष्ट सहे, लेकिन उन्होंने कभी भी मुगल सत्ता के सामने सिर नहीं झुकाया। उनका मानना था कि सम्मान और स्वतंत्रता से बढ़कर संसार में कुछ भी



नहीं है। उनके शौर्य का प्रभाव इतना महान था कि आज भी उनका नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में गर्व और राष्ट्रभक्ति की भावना जाग उठती है। महाराणा प्रताप ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चा वीर वही होता है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और आत्मसम्मान की रक्षा करे। महाराणा प्रताप जयंती हमें केवल एक महान राजा की याद नहीं दिलाती, बल्कि यह दिन हमें साहस, स्वाभिमान, त्याग और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी देता है। आज आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

महाराणा प्रताप का जीवन हम सभी को यह प्रेरणा देता है कि कठिनाइयां चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों, यदि मन में आत्मबल, सत्य और मातृभूमि के प्रति प्रेम हो, तो विजय निश्चित होती है। उनका अमर बलिदान और अद्वितीय पराक्रम सदैव भारतवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। जो अपने धर्म, स्वाभिमान और मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष करे, वही सच्चा वीर कहलाता है और इस वीरता का सबसे महान नाम है महाराणा प्रताप।



**-ठा.पीयूष राजपूत**
**पत्रकार**

# डीएम ने सीमावर्ती गांवों का भ्रमण किया

## समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को क्षेत्र के सीमावर्ती कई गांवों का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनके समाधान हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने ग्राम तुरतपुर में गौशाला, कादराबाद में पंचायत भवन, लाइब्रेरी, निर्माणाधीन उत्सव भवन सरकारी अस्पताल व अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं भी सुनीं और उनके हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। तत्पश्चात डीएम जसजीत कौर थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम छजमलवाला पहुंचीं और वहां भी उन्होंने विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पेयजल, बिजली एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत कराया और किसानों की सिंचाई के लिए सरकारी ट्यूबवैल लगवाने की मांग की। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, डीपीआरओ प्रीतम सिंह, एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा, जल निगम के एई शुभम सक्सेना, जेई प्रदीप कुमार, बीडीओ अफजलगढ़ मनवीर सिंह, लेखपाल शक्ति सिंह, एडीओ (पं.) ललित प्रताप सिंह, पंचायत सचिव इरफान अली मंसूरी व कुंती देवी सहित अनेक ग्राम प्रधान तथा ग्रामीण मौजूद रहे।




कादराबाद में निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी जसजीत कौर।

# इन गांवों में पहुंचे सीडीओ



ग्राम पंचायत का निरीक्षण करते सीडीओ रणविजय सिंह।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। शुक्रवार को जिलाधिकारी के क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रायपुरी व केहरीपुर जंगल भी शामिल थी, लेकिन देरी के कारण जिलाधिकारी जसजीत कौर इन दोनों ग्राम पंचायतों में नहीं पहुंच पाईं, जिसके कारण जहां एक ओर यहां से संबंधित स्थानीय कर्मचारियों, अधिकारियों ने राहत की सांस ली, वहीं इन दोनों गांवों के ग्रामीण जिलाधिकारी के न पहुंच पाने पर मायूस नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि डीएम के इस प्रस्तावित दौरे का उन्हें काफी बेसब्री से इंतजार था ताकि वह अपनी समस्याएं उनके सम्मुख रख सकें, लेकिन डीएम साहिबा नहीं आ सकीं। जिलाधिकारी के न पहुंच पाने की दशा में सीडीओ रणविजय सिंह ने ग्राम पंचायत केहरीपुर जंगल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनके समाधान हेतु अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

# 'कैच दा रेन' पर संगोष्ठी का आयोजन



गोष्ठी को सम्बोधित करते बीईओ व शिक्षक।

## प्रतिदिन कम से कम एक लीटर पानी बचायें

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** संविलियन विद्यालय आसफाबाद चमन में कैच दा रेन अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नोडल शिक्षक सुरेंद्र सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं पानी के सदुपयोग को लेकर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आकू ब्लॉक के बीईओ वीरेंद्रपाल सिंह एवं कोतवाली ब्लॉक के बीईओ इंद्रजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने जीवन में जल के महत्व को समझाया और विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम एक लीटर पानी बचाने का आह्वान किया। एसआरजी आकाश अग्रवाल व अरुण कुमार जिंदाल, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, नोडल शिक्षक सुरेन्द्र सिंह सहित मीनाक्षी रानी, पारुल रानी, गौतम, रेनू आदि ने भी सम्बोधित किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)

पत्र सं.-52/न.पा.परि. कि. / 2026-27 दिनांक:- 08-05-2026

## -: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मा. उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या-WPIL संख्या-1244/2025 धर्मपाल यादव बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में उ.प्र. पार्क खेल के मैदान और खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 एवं यू.पी. पार्क, खेल के मैदान और खुली जगह (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद, किरतपुर, जनपद-बिजनौर द्वारा अधिकारिता क्षेत्र में दिनांक 30-04-2026 को पार्क, खेल के मैदान और खुली जगहों का सर्वेक्षण कराया गया है, जिसमें कोई पार्क, खेल का मैदान, खुली जगह नहीं पाई गई है। उ.प्र. पार्क, खेल का मैदान, खुली जगह (विनियमन और नियंत्रण) नियमावली 2005 एवं यू.पी. पार्क खेल के मैदान और खुली जगह (संरक्षण और रेगुलेशन) एक्ट 1975 में निहित व्यवस्थानुसार उपरोक्त प्रस्तर-04 में उल्लिखित नियमों के अधीन निकाय द्वारा सर्वेक्षित पार्क, खेल के मैदान, खुली जगहों के सम्बन्ध में सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति या अनापत्ति हो तो, वह प्रकाशन की तिथि से 03 माह की समयावधि के अन्तर्गत लिखित रूप से निकाय नगर पालिका परिषद, किरतपुर जनपद बिजनौर कार्यालय में अपनी आपत्ति/अनापत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के उपरान्त प्रकाशित सूचना पर प्राप्त किसी भी दावे/आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रपत्र 1

**पार्कों, खेल के मैदानों और खुली जगहों की सूची**

स्थानीय निकाय नाम — नगर पालिका परिषद, किरतपुर, जनपद-बिजनौर
सूची — पार्क
वार्ड का नाम तथा संख्या — वार्ड संख्या

| क्र.सं. | नाम | अवस्थिति | क्षेत्रफल/आकार ल.Xचौ. | विस्तृत अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | - | - | - | - |

(मेघा गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

(अ. मन्नान)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

# करीब आया विधानसभा चुनाव का मौका
# चेयरमैन डा. एम.पी. सिंह ने भी दावा ठोका


बैठक में बोलते डॉ एमपी सिंह

**नूरपुर( चिंगारी )।** नगरपालिका चेयरमैन डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को अपने आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आहूत की। बैठक में पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में भाजपा की सरकार बनने पर मिष्ठान वितरण किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर पश्चिम बंगाल के मतदाताओं ने ममता सरकार को हटाने का मन बनाया तथा भाजपा के पक्ष में जमकर मतदान किया था जिससे राज्य में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनका भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ने का इरादा है। अगर पार्टी हाईकमान से हरी झंडी मिलती है तो वह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे।एमपी सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने निकाय चुनाव में मजबूती के साथ एक जुट होकर चुनाव लड़ाकर उन्हें नूरपुर का चेयरमैन बनाया था, जिसके चलते वह नगर की जनता की सेवा कर रहे हैं। उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी एकजुट होकर चुनाव लड़ाने का आह्वान किया।बैठक में युवा नेता नगर मंडल महामंत्री प्रणय मनु गुप्ता ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। नामित सभासद चौधरी रणवीर सिंह ने कहा कि यदि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में डॉ. एमपी सिंह को प्रत्याशी बनाया तो सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर उनका सहयोग करेंगे। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी, सभासद राजीव जोशी, ऋषभ देव राजा,सुधीर चौहान, सरदार हरभजन सिंह, गुरनाम सिंह, मुकेश कुमार, जुगनू चौधरी, शमीम अल्वी एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# हाय रे सिलेंडर! रोजगार छोड़ लाइन में लगे लोग



**स्योहारा ( चिंगारी )।** रसोई गैस सिलेंडर लेने के लिए प्रतिदिन गैस ऐजेंसी पर लम्बी-लम्बी कतारें लग रही हं। गर्मी मे परेशान हो रहे लोग कभी लाईन मे लगते है तो कभी ऐजेंसी के गेट पर एक साथ आ जाते है। रोजगार छोड़ गैस सिलेंडर लेने के लिए परेशान लोगों का कहना है कि 2014 से पहले ये स्थिति थी, फिर से यही हालात हो गये है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि जो रसूकदार लोग हैं, उन्हें सिलेंडर की परेशानी नहीं है। आते हैं, सीधे सिलेंडर ले जाते हैं। किसी को आम लोगों की परेशानी नहीं दिखाई दे रही है। जब ऐजेंसी कर्मचारियों से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि कोई सीधे सिलेंडर नहीं दिया जा रहा, जो दिशानिर्देश जारी हुए हैं, उसी के द्वारा सिलेंडर वितरण किए जा रहे हैं।

# महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ (बिजनौर) में महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार गुप्ता ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया तथा बताया कि महाराणा प्रताप महा पराक्रमी, प्रतापी एवं शौर्यशाली शासक थे। मुख्य वक्ता ओमकार सिंह ने महाराणा प्रताप का जीवन वृत छात्र छात्राओं के समक्ष रखा। मानवी चौहान, लव कुश, ध्रुव कुमार, अक्षय प्रताप सिंह, देव कुमार, खुशी कुमारी, निशा आदि ने महाराणा प्रताप के जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम में मनोज शर्मा, आनंद भूषण यादव, अरीश कुमार, कल्याण सिंह, अनिल कुमार आदि की सहभागिता रही।

# गेहूं खरीद की धीमी रफ्तार पर प्रशासन सख्त
## खराब प्रदर्शन करने वाली एजेंसियों से मांगा स्पष्टीकरण

बिजनौर (चिंगारी)। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) श्रीमती वान्या सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद में गेहूं खरीद प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गेहूं खरीद की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए खराब प्रदर्शन करने वाली क्रय एजेंसियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया। जनपद में 18,500 मीट्रिक टन गेहूं खरीद लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष अब तक 6,920 मीट्रिक टन खरीद की गई है। यह कुल लक्ष्य का 37.4 प्रतिशत है। बैठक में बताया गया कि खाद्य विभाग ने लक्ष्य के सापेक्ष 51.4 प्रतिशत, पीसीएफ ने 31 प्रतिशत, नाफेड ने 27.5 प्रतिशत, एफसीआई ने 34.6 प्रतिशत तथा एनसीसीएफ ने अब तक शून्य प्रतिशत गेहूं खरीद की है। खराब प्रदर्शन पर पीसीएफ, नाफेड, एफसीआई और एनसीसीएफ से जवाब मांगा गया है।

### 14 मोबाइल क्रय केंद्रों के जरिये किसानों के घर से उठाया जाएगा गेहूं

अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेंसियों को कार्य योजना बनाकर किसानों से सीधे संपर्क करने तथा गेहूं खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही 14 मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से किसानों के घरों से गेहूं उठान कर लक्ष्य पूरा करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए।

बैठक में मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। टीम में खाद्य विभाग के एएमओ, मंडी सचिव, सहकारिता विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह टीम गेहूं के अवैध संचरण और भंडारण पर निगरानी रखेगी। साथ ही जनपद के बाहर होने वाले गेहूं परिवहन, फ्लोर मिलों, आढ़तियों और सीड प्लांटों की सघन जांच करेगी। सरकारी क्रय केंद्रों से गेहूं का समय पर उठान सुनिश्चित करने के लिए परिवहन ठेकेदारों तथा सीडब्ल्यूसी, एसडब्ल्यूसी और एफसीआई अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्याम मिश्र, उपनिदेशक कृषि, एआरसीएस, विभिन्न क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक, मंडी सचिव और परिवहन ठेकेदार मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र में गेहूं का समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अलावा किसानों को उतराई एवं सफाई मद में 20 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। गेहूं खरीद अभियान 15 जून 2026 तक चलेगा।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# मंदिर व धर्मशाला बनवाने वालों का लोक-परलोक सुधर जाता है- संघर्षी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला गोकुलनगर स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम में शिव-परिवार प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत हवन-पूजन, सत्संग-प्रवचन,का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भगवान शिव परिवार की पूजा अर्चना करके प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मन्दिर के महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी जी महाराज ने कहा कि मन्दिर बनवाने वालों का लोक परलोक सुधर जाता है,उनके पित्रों की कभी भी दुर्गति नहीं होती।

श्री संघर्षी महाराज ने बताया कि वैसे तो श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम मौ. गोकुलनगर चांदपुर की स्थापना में समूचे हिन्दू समाज की सहानुभूति एवं शुभकामनाएं रही थी। किन्तु फिर भी आज तक श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम की प्रगति एवं भव्यता का पूर्ण रूप से सहयोग श्रीमती सुरेखा चौधरी, श्री मति तेजेश्वरी एवं एड. अवधेश कुमार चेयरमैन साहब, श्रीमति डा. सीमा चौधरी एवं डॉ. नीरज चौधरी , श्रीमति नीलम चौधरी एवं पंकज चौधरी (समाज सेवी), से मिलता रहा है।और आज तक मन्दिर के समूचे उत्थान में संकटमोचन के रुप में गौरव असीम एम.डी. साहब ने भूमिका निभाई। इसीलिए मेरा तथा श्री विष्णु धाम मंदिर से जुड़ी सभी परम् शक्तियों का आशीर्वाद सदैव इन्हें तथा इनके परिजनों को मिलता रहेगा।

कार्यक्रम में श्रीमती कुसुम शर्मा, ममता भारद्वाज, मीनाक्षी भारद्वाज, सुलेखा भारद्वाज, सरोज देवी, बीना साधना, लक्ष्मी सैनी, कमलेश सैनी, आशा सैनी, बाला शर्मा, पूनम देवी, किरन वर्मा, मधु बंसल, नीरज महेश्वरी, मीनाक्षी सिंघल उर्मिला देवी, राधा शर्मा, उमंग अग्रवाल, साक्षी पवार, तानिया सैलानी, हिमानी सैलानी, गोपीचंद, जयसिंह बजरंगी,देव भारद्वाज, हर्षित भारद्वाज, सुरेश कुमार प्रजापति जलेबी वाले,बरूण गर्ग, मनोज वर्मा, विकास सिंघल इत्यादि की उपस्थिति रही।

# शावेज का शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर तिगरी निवासी 22 वर्षीय शावेज़ पुत्र क़ासिम दिल्ली के मोहल्ला कसाकपुरा में किराना स्टोर चलाता था। दो माह पूर्व 10 मार्च की रात्रि शावेज दुकान से आकर अपनी मां रूबी, छोटे भाई अवेश तथा रिश्तेदार कलीम के साथ खाना खाकर सो गया। शावेज़ के छोटे भाई अवेश ने बताया कि अगले दिन सुबह नाश्ता कर वह अपने भाई को सोता छोड़कर काम पर चला गया था। इसी बीच शावेज़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शव को गांव लाकर अपने खेत पर ही कब्र तैयार कर दफ़न कर दिया गया था। इस सम्बंध में मृतक के चाचा नासिम ने जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर को प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके भतीजे शावेज की सामान्य मौत नहीं हुई, बल्कि उसकी हत्या की गई थी। नासिम का कहना है कि मृतक शावेज की मां रूबी तथा उसके देवर कलीम का काफी मेलजोल था। घटना वाले दिन शावेज़ ने दोनों को बगल वाले कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पोल खुलने एवं बदनामी के डर से कलीम और रूबी ने मिलकर शावेज़ की हत्या कर दी तथा घटना को सामान्य मौत का रूप दे दिया। दिल्ली से शव गांव लाकर दफीना करा दिया था।



शावेज का फाइल फोटो

नासिम द्वारा दिये गये प्रार्थना-पत्र पर तहसील प्रशासन चांदपुर एवं पुलिस ने डीएम के आदेश पर कल दोपहर शव को क़ब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह ने बताया कि घटना की बारीकी से जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### दोनों पक्ष भिड़े

**शव को क़ब्र से बाहर निकालते समय मौके पर दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप,प्रत्यारोप लगाकर भिड़ गये। काफी देर तक दोनों पक्षों में नोक-झोक होती रही, जिन्हें बाद में पुलिस ने शांत कराया। शव को कब्र से बाहर निकालते समय सैकड़ों ग्रामीण मौके पर डटे रहे, जिनमें घटना को लेकर सुगबुगाहट थी और तरह-तरह की चर्चा कर रहे थे।**

# चांदपुर में पहुंचे सांसद चंदन चौहान समस्याओं का करायेंगे समाधान



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को दोपहर बाद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे सांसद चंदन चौहान ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर सांसद चंदन चौहान ने रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए बिजनौर रोड स्थित रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज बनवाये जाने का भरोसा दिलाया। सांसद ने कहा कि चांदपुर-बास्टा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस मार्ग के बनने से तीन दर्जन से अधिक गांवों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

पूर्व पालिकाध्यक्ष शेरबाज पठान ने सांसद चंदन चौहान को जानकारी देते हुए बताया कि नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति मुहैय्या कराये जाने के लिए वर्षों पूर्व नगर में तीन स्थानों पर पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक भी इन टंकियों को चालू न कराये जाने से नगरवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। श्री पठान ने सांसद से टंकियों को चालू कराये जाने की मांग की। बाद में सांसद चंदन चौहान ने नगर पालिका सभासदों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। इस अवसर पर अशोक चौधरी, चन्द्रपाल सिंह, डा. विपिन तोमर, सुनील चौधरी, हनी तोमर, अवनीश त्यागी, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, मीनू राजपूत, सौरभ राणा, शीशपाल राठी, पल्लव अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, नागरिक जिया, मौ. इमरान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। बाद में सांसद चंदन चौहान ने चांदपुर-बास्टा मार्ग पर पहुंचे तथा सड़क निर्माण का निरीक्षण किया।

### अधिवक्ताओं के लिए मीटिंग हॉल बनवाने की घोषणा की

# टैक्सी चालक की बेटी ने किया नाम रोशन

**भीमताल ( चिंगारी )।** आईआईटी रुड़की में आयोजित उत्तराखंड स्टेट क्लोन्ड संपियनशिप में जंगलिया गांव की योगिता आर्या ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दो से तीन मई को आयोजित प्रतियोगिता के गर्ल्स अंडर-13 में योगिता आर्या ने द्वितीय स्थान हासिल किया। उनके पिता मदनचंद्र टैक्सी चालक हैं। कोच आकर्षित शर्मा ने बताया 9 बच्चे गए थे। 3 बच्चे सेमी फाइनल में बाहर हो गये। योगिता फाइनल में पहुंचकर दूसरे स्थान पर रही। बॉयज अंडर 13 में पवन कुमार व कमलेश कुमार ने 3-0 से जीत हासिल की और सेमीफाइनल तक पहुंचे। हिमांशु प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। आरोही आर्या का सेमीफाइनल अपनी ही सगी बहन योगिता आर्या से हुआ, जिसमें वे 3-0 से हार गई। गर्ल्स अंडर 15 में अंकिता आर्या व निर्मला आर्या दोनों ने क्वार्टरफाइनल खेला। गर्ल्स अंडर 19 में दिव्यांशी कुल्याल व योगिता कुल्याल दोनों का क्वार्टर फाइनल आपस में हुआ, जिसमें दिव्यांशी कुल्याल 3-1 से जीतीं। उन्होंने बताया सभी बच्चे गांव से हैं और आर्थिक रूप से मजबूत नहीं हैं। जिस कारण उनके ट्रेनिंग के दौरान खाना, रैकेट, बॉल, जूते, आईवियर और टूर्नामेंट का पूरा खर्च (ट्रैवल, रहने की व्यवस्था, भोजन, उपकरण आदि) की नि:शुल्क व्यवस्था करायी जाती है।





# चैकिंग के दौरान, 11 वाहनों का चालान

## 1.54 लाख का जुर्माना भी वसूला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर लगे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों का पालन न करने वाले 11 वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान करीब 1.54 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क वसूला गया।

शुक्रवार को संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया यह अभियान परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों एवं उच्च न्यायालय इलाहाबाद खंडपीठ लखनऊ में दायर जनहित याचिका नोज पाल्युशन थ्रू मॉडिफाइड साइलेंसर बनाम स्टेट ऑफ यूपी में पारित आदेशों के अनुपालन में चलाया गया। शासन ने 7 मई से 13 मई तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन गौरीशंकर ठाकुर, यातायात प्रभारी रवि नैन के नेतृत्व में जनपद के प्रमुख चौराहों पर अभियान चलाकर वाहनों की जांच की। इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर, तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न और हूटर लगे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 11 वाहनों के चालान किए गए। अधिकारियों के अनुसार इन वाहनों से करीब 1.54 लाख रुपये प्रशमन शुल्क काटा गया। अभियान में परिवहन विभाग की ओर से गौरी शंकर ठाकुर और मुन्नालाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एआरटीओ प्रवर्तन गौरीशंकर ठाकुर ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर लगे वाहनों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी।

**13 मई तक चलाया जायेगा विशेष चैकिंग अभियान**

# एनसीसी कैडेट्स की भर्ती के लिए हुई बौद्धिक व शारीरिक परीक्षा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती बौद्धिक एवं शारीरिक मानदंडों के आधार पर की गई। 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के कमांडिंग आफिसर कर्नल रोहतास शर्मा के कुशल निर्देशन में आयोजित इस भर्ती अभियान में नायब सूबेदार मोहम्मद मुमताज एवं हवलदार यशवंत सिंह ने छात्रों की बौद्धिक एवं शारीरिक दक्षता परखने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। पुश अप, सिट अप, रेस, वजन, एवं लंबाई के मापदंडों पर खरे उतरने वाले 25 अनुशासित छात्रों का चयन बौद्धिक परीक्षा उपरांत एनसीसी जूनियर डिवीजन हेतु किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय में 50 कैडेट्स की एनसीसी यूनिट जूनियर डिवीजन संचालित की जा रही है। दो वर्षीय एनसीसी के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, संयम, त्याग समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति जैसे अमूल्य गुणों का विकास किया जाता है। एनसीसी प्रभारी अंजु आर्य ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने न केवल जिले स्तर पर अपितु प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अच्छा प्रदर्शन कर उत्कृष्ट कैडेट्स होने का प्रमाण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, रविंद्र कुमार शर्मा, अंजू आर्य, अवनीश भटनागर, अनिल कुमार, मदनपाल सिंह एवं सुधीर कुमार उपस्थित रहे।



# ख़तरा-ए-जान बने सूखे जर्जर पेड़

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान इसकी जद में आ रहे 30-40 साल पुराने पेड़ों को जहां नागरिकों ने न काटे जाने का अनुरोध किया है वही खतरा-ए-जान बने सूखे पेड़ों को काटे जाने की मांग की है। दुर्गा विहार से राजपूताना रिजॉर्ट तक के 3 किलोमीटर लंबे मार्ग का अवलोकन करने पर स्पष्ट है कि दुर्गा विहार से नगीना चौराहा, नगीना चौराहा से शेरकोट चुंगी और शेरकोट चुंगी से राजपूताना रिजॉर्ट तक सड़क की दोनों साइडो में कुछ हरियाली वाले और कुछ सूखे पेड़ खड़े हुए हैं। ऐसे में वन विभाग और पीडब्ल्यूडी के बीच तालमेल की कमी का खामियाजा आम नागरिक भुगत रहे हैं। सड़क किनारे खड़े सूखे और जर्जर पेड़ अब भी किसी बड़े हादसे का इंतजार करते नजर आ रहे हैं, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल है। दुर्गा विहार कॉलोनी से आगे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता के घर के पास दो सूखे पेड़ खड़े हैं, जो हल्की हवा में भी झूलते नजर आते हैं। चंदन साड़ी वालों के मकान के बाहर भी दो जर्जर पेड़ खड़े हैं, जो किसी भी वक्त गिर सकते हैं। नगीना चौराहे पर इरशाद भाई की दुकान के सामने खड़ा पेड़ तो पूरी तरह जड़ों से कमजोर हो चुका है। इसके अलावा के एम इंटर कॉलेज पर तड़का रेस्टोरेंट के व यूरेशिया पैलेस के बाहर खड़े पेड़ों की यह स्थिति है कि बस एक तेज हवा का झोंका आयेगा और यह पेड़ सड़क पर आ गिरेगा। राजपूताना रिजॉर्ट से पहले जहां सड़क तो चौड़ी कर दी गई, लेकिन बीच सड़क में खड़े पेड़ को चारों तरफ से घेरकर छोड़ दिया गया। यह पेड़ लगातार दुर्घटना को न्योता दे रहे है।


दुर्गा विहार कॉलोनी से राजपूताना रिजॉर्ट तक के मार्ग में खड़े सूखे पेड़।

### हरे-भरे पेड़ों को न काटा जाये



एड्कोल द गर्ल्स स्कूल के संस्थापक डॉ. लोकेंद्र सिंह का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण तो हो रहा है ऐसे में सड़क की साइड में खड़े हुए 30-40 साल पुराने पेड़ों को न काटा जाए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत सूखे खतरनाक पेड़ों को चिन्हित कर हटाया जाए। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के दौरान उस पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने और इस मार्ग पर जल निकासी की भी समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

### सवाल जीवन का है



श्री हरि कृपा सेवा समिति के संस्थापक सुभाष कौशिक का कहना है कि यह सिर्फ विकास का सवाल नहीं, बल्कि जन-जीवन की सुरक्षा का मुद्दा है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर हरियाली वाले वृक्षों को न काटा जाए कुछ वृक्ष तो सड़क की सीमा के बाहर खड़े हुए हैं।

# नये लोगों को भाजपा से जोड़ने का आह्वान

## बूथ अध्यक्षों की बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला सामना सराय स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा के आवास पर आयोजित हुई भाजपा बूथ अध्यक्षों की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए नए लोगों को जोड़ने और समस्त कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।



2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम हुई बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं एल डी बी बैंक के मंडल मुरादाबाद मंडल डायरेक्टर महेंद्र सिंह धनोरिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं गरीबों के हित में अनेक योजनाएं चलाकर बिना भेदभाव जनता को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नगर मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही चुनाव में सफलता की कुंजी है। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान, बूथ प्रबंधन को लेकर चर्चा की। बैठक में रंजीत सिंह , शुभम बिडला, अभिषेक कोहली, आलोक बिड़ला,राहुल बिडला, नरेंद्र सैनी, महेश कुमार, रामनाथ सैनी , चंद्रप्रकाश बिट्टू चौहान, संजीव राजपूत,पवन गुर्जर, बेघराज सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता विजयपाल सैनी ने की और संचालन महामंत्री शिव कुमार ने किया।

# श्री गोपाल नारसन को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**रुड़की ( चिंगारी )।** रुड़की-नालंदा एनआईआईआरसी विश्वविद्यालय बिहार ने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ श्रीगोपाल नारसन को उपभोक्ता कानून में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ,कुलपति व कुलसचिव द्वारा अपने हस्ताक्षरों से जारी इस मानद उपाधि को प्रदान करने का आधार श्रीगोपाल नारसन की उपभोक्ता हितों के प्रति जनजागरूकता व उपभोक्ता कानून के प्रति विद्वता माना गया है।विदित हो नारसन विगत 35 वर्षो से उपभोक्ता जनजागरूकता आंदोलन से जुड़े है और जागो ग्राहक जागो का संदेश जनसामान्य को देते रहे है। वे उत्तराखंड में राज्य उपभोक्ता आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता भी है।अभी तक विभिन्न साहित्यिक विधाओं में 22 पुस्तकें लिख चुके श्रीगोपाल नारसन की साहित्य संस्थान गाजियाबाद से एक नई पुस्तक वरदान है उपभोक्ता कानून प्रकाशित की जा रही है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# चम्पावत की घटना के विरोध में इंकाइयों ने किया प्रदर्शन

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन के सामने चम्पावत में हुए कुकृत्य के विरोध में महानगर अध्यक्ष एड. राकेश सिंह की अध्यक्षता में धामी सरकार

## कांग्रेस भवन के सामने किया सरकार का पुतला दहन

का पुतला दहन किया गया। पूर्व कबीना मंत्री शूरवीर सजवाण एवं पीसीसी जयेन्द्र रमोला ने कहा कि 5 मई 2026 को चम्पावत में 16 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ हथियारों की नोक पर हुई सामूहिक बलात्कार की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली तथा देवभूमि उत्तराखंड की अस्मिता को कलंकित करने वाली घटना है। इस घृणित एवं शर्मनाक घटना से राज्य की गिरती कानून व्यवस्था, राज्य में महिलाओं के साथ लगातार बढ़ते अपराध तथा महिला सुरक्षा के प्रति भाजपा सरकार की नाकामी उजागर हुई है। इसके साथ ही पीड़िता के परिवार की कोई सुनवाई नहीं हो रही और यहां तक की उनको डराया धमकाया जा रहा है ताकि यह मामला ज्यादा तूल ना पकड़े। पूर्व महानगर अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत एवं चंदन सिंह पँवार ने भी अपना रोष प्रकट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र चम्पावत में सामूहिक बलात्कार की इस घटना में भाजपा से जुड़े लोगों का नाम सामने आने से नारी शक्ति वंदन के नाम पर भाजपा की मातृशक्ति के प्रति झूठे दिखावे की पोल खोल कर रख दी है। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी एवं महानगर अध्यक्ष पुष्पा मिश्रा ने भी इस घटना पर कड़े शब्दों में अपना विरोध दर्ज कराया।



पुतला दहन विरोध प्रदर्शन में मदन मोहन शर्मा, बी.एस. पयाल, राकेश अग्रवाल, चंदन सिंह पंवार, ललित मोहन मिश्रा, सूरत सिंह कोहली, सहदेव राठौर, भगवान सिंह पंवार, गिरिराज हिन्दवान, महिला जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी, पुष्पा मिश्रा, राधा रमोला, सुमन पंचभय्या, कमलेश शर्मा, अंबिका देवी, मधु मिश्रा, विक्रम भंडारी, रुक्म पोखरियाल, ऋषि सिंघल, अशोक शर्मा, बृज बहुगुणा, सिंह राज पोसवाल, जगजीत सिंह, संजय भारद्वाज, भूपेंद्र राणा, मनीष जाटव, सन्नी प्रजापति, सुमन रानी, उर्मिला देवी, विश्वजीत अधिकारी, हिमांशु कश्यप, अक्षत रमोला, आदित्य झा, आदि उपस्थित थे।

# समृद्ध हुये यूपी के गन्ना किसान, 9 वर्षों में मिला रिकॉर्ड भुगतान

–रुकन राजपूत

## गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. का दावा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. ने बताया कि पिछले 9 वर्षों में गन्ना किसानों को 3 लाख 21 हजार 839 करोड़ रूपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। पेराई सत्र 2025–26 में गन्ना विकास विभाग द्वारा किये गये महत्वपूर्ण फैसलों से 48 लाख गन्ना किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार हुआ है और उनके जीवन में आर्थिक समृद्धि आयी है। प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों एवं पारदर्शी व्यवस्था ने विगत 9 वर्षों में ( वर्ष 2017 से अब तक ) कुल 3 लाख 21 हजार 839 करोड़ रूपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कर इतिहास रचा है। ज्ञातव्य है कि प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025–26 में गन्ना मूल्य की दरों में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 30 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि की थी। अगेती



प्रजातियों के लिये 400 रूपये प्रति कुंतल एवं सामान्य प्रजातियों के लिये 390 रूपये प्रति कुंतल की दर निर्धारित की गई थी। इस बढ़ोतरी से गन्ना किसानों को लगभग 3 हजार करोड़ रूपये का अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त हुआ है। गन्ना आयुक्त का कहना है कि समय से गन्ना मूल्य का भुगतान होने से प्रदेश के 48 लाख गन्ना किसान परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने में गन्ना विकास विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के समन्वित प्रयासों से प्रदेश आज न केवल देश का अग्रणी गन्ना उत्पादक राज्य बना है, बल्कि प्रदेश में लगभग 10 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाला सबसे बड़ा ग्रामीण आधारित आर्थिक तंत्र बनकर उभरा है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बना चीनी उद्योग

**गन्ना एवं चीनी उद्योग आज प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया है। ई–गन्ना ऐप, ऑनलाइन सर्वे, पारदर्शी पर्ची वितरण एवं शिकायत निवारण प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को बड़ी राहत व सुविधा प्रदान की है। गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मुख्यालय स्तर पर टोल–फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800–121– 3203 की स्थापना की गयी है, जो 24 घंटे संचालित है।**

## बीएसए ने किया आईसीटी लैब एवं कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन



**हरेवली ( चिंगारी )** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बिजनौर द्वारा पीएम श्री संविलियन विद्यालय हरेवली में आईसीटी लैब एवं कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बीएसए सचिन कसाना ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय डिजिटल शिक्षा का है। आईसीटी लैब विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा से बच्चों का ज्ञान बढ़ेगा, उनकी रचनात्मक क्षमता विकसित होगी तथा भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार होंगे। उन्होंने शिक्षकों से अपील की वह पढ़ाई में अधिक से अधिक तकनीक का उपयोग करें। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अफजलगढ़ प्रेम सिंह राणा, जिला समन्वयक अनुज शर्मा, निर्माण प्रभारी मोहम्मद फरमान, ब्लॉक समन्वयक विशाल कुमार, सुरेंद्र सिंह, प्रधान अध्यापक शमीम अहमद, धर्मवीर सिंह, जितेंद्र कुमार, आदित्य वीर, अंजना कुमारी, सरिता यादव, नवेद आलम आदि मौजूर रहे।

## निर्विरोध हुआ शिक्षक संघ का चुनाव



**स्योहारा ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का विकास क्षेत्र बुढ़नपुर का त्रिवार्षिक अधिवेशन चुनाव बीआरसी बुढ़नपुर बगवाड़ा में संपन्न हुआ, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष के लिए संदीप कुमार एवं ब्लॉक मंत्री के लिए अरविंद कुमार का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। शेष कार्यकारिणी भी निर्विरोध निर्वाचित की गई। बाद में सभी को जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार यादव द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई। इस दौरान सुरेश कुमार, राधेश्याम शर्मा, दीपचंद, गजेंद्र सिंह, अब्दुल हफीज, योगेंद्र कुमार, अवधेश कुमारी, राजदीप, संतोष कुमारी, प्रदीप कुमार, यशवीर सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना, जनपद बिजनौर

पत्रांक: 198 न.पा.परि. नगीना / स्वा.वि. / 2026–27 दिनांक: 06–05–2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजिकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नगीना आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र नगीना निम्नलिखित नालों की तलीझाड़ सफाई श्रमिक / सफाई मजदूर प्रतिदिन मजदूरी दर के अनुसार कार्य कराना चाहती है। इच्छुक ठेकेदार / फर्म्स दिनांक 11–5–2026 को प्रात: 11 बजे से सायं 03:00 बजे तक निविदा फार्म निविदा शुल्क 500+जी.एस.टी. जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। सीलबन्द निविदा दिनांक 12–5–2026 .......को 03 बजे सायं तक कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना में प्राप्त की जायेगी तथा प्राप्त निविदायें अध्यक्ष महोदय द्वारा ठेकेदारों की उपस्थिति में दिनांक 12–5–2026 को सायं 4 बजे खोली जायेगी।

1– अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नगीना को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

2–ठेकेदार/फर्म को निविदा के साथ श्रम विभाग में पंजीयन प्रमाण–पत्र, आयकर का पैन नम्बर, जीएसटी का रजिस्ट्रेशन, जिलाधिकारी द्वारा जारी अध्यावधिक निविदा के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र एवं हैसियत प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3–प्रत्येक निविदा के साथ 100 रूपये के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित एवं घोषणा–पत्र देना अनिवार्य होगा, जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

4–समस्त नालों की तलछट सफाई का कार्य दिनांक 30–6–2026 तक पूर्ण करना होगा।

5–नालों की सफाई उपरान्त बिलों का सत्यापन स्वास्थ्य विभाग कराना होगा तदोपरान्त ही बिलों का का भुगतान किया जाना सम्भव होगा।

6–सेवा प्रदाता को हैण्डग्लब्स, जूते आदि समस्त सामग्री सफाई कर्मचारियों को स्वयं उपलब्ध करानी होगी।

7–नाला सफाई कार्य के दौरान यदि किसी भी सफाई कर्मचारी के साथ कोई भी दुर्घटना होती है तो उसमें पालिका का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा

8–नालों की सफाई के कार्य के दौरान विडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराना अनिवार्य होगा।

9 – अन्य शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
नगीना (बिजनौर)

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
नगीना (बिजनौर)

# मुरादाबाद में मेहमानों का स्वागत बुके से नहीं बल्कि बुक से होगा



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 10 मई 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, मनोभिलाषित योजनाओं में सफलता, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, प्रियजनो से वांछित सहयोग, संभावित यात्रा संतोषजनक।

वृषभ- आरोग्य सुख, व्यापार में विस्तार, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, निजी जिन्दगी में सुख सुविधा के जरूरी साधन सुलभ, आपनी सौहार्द मन प्रसन्न।

मिथुन- आज दिन 6/29 बजे तक निराशाजनक, प्रगति का प्रयास असफल, लाभ में कमी, मन उदास, शेष समय में बुद्धि चातुर्य से कार्य सिद्धि, शत्रु परास्त, मित्रों से विचार विमर्श।

कर्क- आज दिन 6/29 बजे तक समय भाग्य के पक्ष में, सद्विचारों का उदय, पुराने विवाद का समापन, यात्रा भी, शेष समय में कठिनाइयाँ प्रभावी, कार्य की अधिकता।

सिंह- योजना को कार्यान्वित करने का सुयोग, स्वास्थ्य में सुधार, आकस्मिक लाभ, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय।

कन्या- आरोग्य सुख, व्यापारिक उन्नति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, नौकरी में स्थानान्तरण का मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, परिणय के क्षेत्र में अनुकूलता।

तुला- आज दिन 6/29 बजे तक कठिनाइयों से परेशानी, दूसरों के चक्कर में स्वयं की हानि, शेष समय बेहतर, प्रगति हेतु विचार विमर्श, गलत फहमियाँ दूर, लाभ भी।

वृश्चिक-आज दिन 6/29 बजे तक गृहयोग पक्ष में, कार्य क्षमता में वृद्धि, वाहन से सुख, शेष समय में निराशा, दैनिक कार्यो के प्रति उदासीनता, यात्रा में असंतोष।

धनु- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का सुअवसर, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में अभिरुचि, सद्विचारों का उदय।


मकर- योजना साकार करने की दिशा में प्रयास, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, लाभ।

कुम्भ- आज दिन 6/29 बजे तक समय अशुभ बहु प्रतिक्षित योजना अधूरी, प्रियजनों से अनबन, शेष समय भाग्य के पक्ष में, कार्य सिद्धि का सुयोग, आय के नवीन स्रोत।

मीन- आज दिन 6/29 बजे तक दिनमान अनुकूल, शारीरिक सुख, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, शेष समय में लेन-देन में जोखिम से हानि, घरेलु सुख में दिक्कतें।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

**मुरादाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में अतिथियों का स्वागत अब बुके से नहीं, बल्कि बुक (पुस्तक) से होगा। यहां जिलाधिकारी की अनोखी पहल 'एक पुष्प-एक पुस्तक' अभियान शुरू हो गया है। स्मार्टफोन और डिजिटल क्रांति के इस दौर में घटती एकाग्रता को वापस लाने और पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुरादाबाद जिले में यह अभिनव शुरुआत हुई है। नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने जिले में एक पुष्प, एक पुस्तक और सब पढ़ें, आगे बढ़ें अभियान का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया है। इस नई व्यवस्था के तहत अब जिले में आयोजित होने वाले सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में अतिथियों के स्वागत के लिए 200 से 1500 रुपये तक के महंगे और प्लास्टिक युक्त बुके (पुष्पगुच्छ) देने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके स्थान पर अब अतिथियों को मात्र एक फूल और एक ज्ञानवर्धक पुस्तक भेंट की जाएगी। जिलाधिकारी ने इस व्यवस्था को तत्काल



प्रभाव से सभी विभागों में सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी कर दिये हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. पैंसिया ने कार्यभार ग्रहण करने के दौरान मिले अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि स्वागत में आने वाले बुके में 10 से 20 प्रतिशत हिस्सा पूरी तरह प्लास्टिक का होता है, जबकि ताजे फूलों वाले बुके में भी प्लास्टिक का भारी इस्तेमाल किया जाता है। एक बुके की शेल्फ लाइफ महज 24 से 48 घंटे होती है, जिसके बाद यह कचरे के रूप में पर्यावरण और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है।

इसी अपव्यय और पर्यावरणीय खतरे को देखते हुए बुके की जगह पुस्तक भेंट करने का निर्णय लिया गया है, जो जीवनभर की स्मृति बनने के साथ-साथ ज्ञान का प्रसार भी करती है। इस अभियान का एक मुख्य उद्देश्य आज के डिजिटल युग की देन पॉपकॉर्न माइंड की समस्या से निपटना भी है।

## घी-तेल सहित 11 खाद्य पदार्थों के नमूने लिये, जांच के लिये भेज दिये

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जनपद में आमजन को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी बिजनौर के निर्देश पर गुरुवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल 11 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न खाद्य कारोबारकर्ताओं के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर रिफाइंड सोयाबीन तेल, सरसों तेल, कच्ची घानी, घी, फॉर्च्यून सरसों तेल, अमूल घी तथा रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल के नमूने नियमानुसार लिए। जिन कारोबारकर्ताओं से नमूने लिए गए उनमें ग्राम घुड़ियापुर निवासी अंकित पुत्र दिलीप सिंह, रिलायंस स्मार्ट पॉइंट नगीना के संचालक रवि शर्मा, सहारनपुर जनपद के गागल हेरी निवासी सार्थक जैन तथा नहटौर निवासी मनोज कुमार शामिल रहे। अभियान के दौरान विभाग द्वारा संबंधित कारोबारकर्ताओं को सुधार निर्देश भी जारी किए गए। सभी संग्रहित नमूनों को जांच एवं विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अभियान का नेतृत्व सहायक आयुक्त (खाद्य) नादिर खान द्वारा किया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके वर्मा, राजीव कुमार, नरेश कुमार, अनिल कुमार, शम्भू दयाल, अनुपम यादव एवं श्रीमती रेनू सिंह शामिल रहे।



## 'टी, टॉक एंड प्रोग्रेस' के माध्यम से की गई नये सत्र की शुरूआत



**चांदपुर ( चिंगारी )**। द हेज़लमून स्कूल में नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत एक विशेष पहल 'टी, टॉक एंड प्रोग्रेस' के माध्यम से की गई। इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को कक्षा 10 के दो छात्रों के अभिभावकों तथा प्रत्येक शनिवार को कक्षा 12 के दो छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय में चाय पर विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों की पूरे वर्ष की शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत प्रगति पर चर्चा करना तथा अभिभावकों और विद्यालय के बीच बेहतर साझेदारी को मजबूत बनाना है। विद्यालय का मानना है कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल और अभिभावकों का आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने अभिभावकों से वार्ता की।

### मातृ दिवस पर विशेष: गीत

## माँ के रूप अनेक



कभी हंसाती-कभी रुलाती, कितने रूप दिखाती माँ।
कभी फूल सी कोमल बनकर, वारी-वारी जाती माँ।
कभी पिलाती तन से अमृत, कभी प्यास बन जाती माँ।
कभी पालना कभी है लोरी, घूम-घूम जब गाती माँ।
कभी पकड़ती ऊंगली कसकर, कभी थामती बाँहें माँ।
कभी दौड़ती कभी भागती, सीने से लग जाती माँ।
कभी दुलारे-कभी संवारे, आँचल छांव बनाती माँ।
कभी घाव पर मरहम लगाती, कभी फूंक बन जाती माँ।
कभी प्यार से पप्पी देती, कभी हिचकी बन जाती माँ।
कभी गरजती-कभी बरसती, कभी सिसकी बन जाती माँ।
कभी समुद्री लहरों जैसा, ताण्डव रूप दिखाती माँ।
कभी हवा संग उमड़-घुमड़कर, बदली सी बन जाती माँ।
कभी बांटती ज्ञान गुरु सा, कभी सखा बन जाती माँ।
कभी सीप सा हृदय बनाकर, ढेरों राज़ छिपाती माँ।
कभी ना उतरा कभी ना उतरे, ऋण तेरा ओ मेरी माँ।
लाखों-लाख जन्म भी वारूँ, तुझ जैसा ना पाऊं माँ।।



-रश्मि अग्रवाल
वाणी अखिल भारतीय हिन्दी संस्थान
नजीबाबाद

# उत्तराखण्ड में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरूद्ध इंकाइयों ने फूंका धामी सरकार का पुतला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं एवं नाबालिगों के विरुद्ध बढ़ते अपराध, अनुसूचित जाति समाज के युवाओं का उत्पीड़न तथा बढ़ती जनसमस्याओं के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने झंडा चौक में प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और महिलाओं, युवाओं एवं कमजोर वर्गों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि चंपावत की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है तथा दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने रैतपुर, सतपुली की घटना पर भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन की प्रताड़ना से आहत होकर किसी युवा को अपनी जान गंवानी पड़े, यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। गैस वितरण अव्यवस्था पर उन्होंने कहा कि यदि शासन-प्रशासन संवेदनशीलता एवं प्रभावी प्रबंधन के साथ कार्य करे, तो जनता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र चंपावत में 16 वर्षीय नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। वक्ताओं ने अंकिता भंडारी प्रकरण का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता आज भी उस मामले में पूर्ण एवं त्वरित न्याय की अपेक्षा कर रही है। महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के मुद्दे पर सरकार को संवेदनशील एवं जवाबदेह होना चाहिए। इस प्रकार की घटनाएं प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती हैं। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया।

## चंपावत की घटना पर रोष जताया

पुतला दहन करने वालों में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व अध्यक्ष संजय मित्तल, महानगर कांग्रेस महिला अध्यक्ष सुधा असवाल,कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण, साबर सिंह नेगी, सुदर्शन रावत, होशियार सिंह बिष्ट, हेमचंद पवांर और दान सिंह रावत सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई, भाई से मिलवाया लापता भाई




**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** कोतवाली श्यामपुर के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज रावत एवं उप निरीक्षक दरम्यान सिंह सहित बृजमोहन सिंह, अजय चौहान, अंकित रावत ने गश्त करते हुए बाहरपीली के पास एक बालक, लावारिस अवस्था में घूमता हुआ देखा, जो बोलने में असमर्थ एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ था। पुलिस टीम ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए बालक को विश्वास में लिया एवं थाने लाया गया। उसके परिजनों की तलाश हेतु सोशल मीडिया, जिला एवं प्रदेश स्तर पर खोये बालकों की जानकारी प्रसारित की गई। थाना श्यामपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मात्र 03 घंटे के भीतर उसके भाई की पहचान राजनारायण यादव पुत्र स्व. रामविलास यादव निवासी बिहरानी पोस्ट मच्छी, थाना बहेड़ी जिला दरभंगा (बिहार) के रूप में की गई। पूछताछ में बालक की पहचान नितीश कुमार के रूप में हुई, जो पिछले 04 माह से लापता था। भाई को सकुशल देखकर राज नारायण यादव की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आवश्यक कार्यवाही के उपरांत थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा नितीश कुमार को उसके भाई के सुपुर्द किया गया।

# पुलिस का जारी है अभियान 82 नशेड़ी चालकों का चालान



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। देर रात पांच वाहन सीज, 82 चालकों का चालान व लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई। पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। अभियान के तहत कोटद्वार, पौड़ी, श्रीनगर, लक्ष्मणझुला समेत पूरे जनपद में अभियान चलाकर कुल 82 चालकों के खिलाफ एम वी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# बाल विवाह व बाल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोटद्वार( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशन तथा जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला बाल कल्याण समिति एवं राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के हल्दूखाता स्थित आदर्श विद्या निकेतन में बाल विवाह व बाल संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरुक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य कपिल रतूड़ी ने बाल विवाह के सामाजिक, मानसिक एवं कानूनी दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कुप्रथा बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, इसलिए इसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता मयंक थपलियाल ने किशोर न्याय

## विद्यार्थियों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

अधिनियम, बाल अधिकारों एवं बच्चों को प्राप्त कानूनी संरक्षण की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार के शोषण एवं अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला बाल संरक्षण इकाई से सूरज कुमार ने बाल संरक्षण सेवाओं, बच्चों की सुरक्षा, पुनर्वास एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से शकुंतला नयाल ने बच्चों को संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि बाल श्रम, हिंसा, शोषण, बाल विवाह अथवा किसी भी प्रकार की समस्या से प्रभावित बच्चे 1098 पर संपर्क कर निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण से अभिषेक नेगी ने बच्चों की देखरेख, संरक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए विद्यार्थियों को संवेदनशील एवं जागरुक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना कुकरेती ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम बच्चों के सुरक्षित, शिक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# महाविद्यालय में मनाया गया विश्व रेडक्रास दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर 'मानवता में एकजुटता' विषय पर विचार गोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. डॉ. आर. एस. चौहान ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं बल्कि मानवीय मूल्य एवं सेवा भावना का विकास करना भी है। रेडक्रॉस संयोजिका डॉ. मीनाक्षी वर्मा ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रॉस मानव सेवा, सहयोग एवं करुणा का प्रतीक है।

तत्पश्चात आयोजित विचार गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने सेवा, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर दिया। कहा कि आज के समय में मानवता में एकजुटता आवश्यक है। मानवता में एकजुटता न होने के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं निबंध प्रतियोगिता में सुरभि बुड़ाकोटी ने पहला, प्रगति व ऋषभ शाह ने संयुक्त रूप से दूसरा व पूजा भारद्वाज एवं ज्योति कश्यप ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुषमा भट्ट थलेड़ी, डॉ. एससी बहुगुणा, डॉ. अंशिका बंसल व अरविंद दुदपुड़ी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में सुरभि आई प्रथम

# धरना साप्ताहिक किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चिलरखाल-लालढांग मार्ग को एलिवेटेड बनाने के लिए चल रहा धरना प्रदर्शन अब साप्ताहिक कर दिया गया है। संघर्ष समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मौसम में आए अचानक बदलाव से हर दिन धरना प्रदर्शन में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे इसे सप्ताह में हर रविवार को करने का निर्णय लिया गया है। बताया कि अब हर रविवार को धरना स्थल पर सभा की जाएगी और बाकी दिन जन संपर्क किया जायेगा।

# गैंडीखाता में गोष्ठी आयोजित कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया




**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** गैन्डीखाता में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से साईं आशीष हेल्थकेयर मैनेजमेंट द्वारा क्रियान्वित 'एसबीआई संजीवनी' क्लीनिक ऑन व्हील्स-मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के तत्वावधान में गुरूवार को बोक्सा जनजाति गैंडीखाता में स्वास्थ्य जगरूकता कार्यक्रम जल, स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता पर संगोष्ठी आयोजित कर, परियोजना के चिकित्सक ने लोगों को बताया स्वच्छता अपनाने और व्यक्तिगत साफ सफाई रखने से बहुत सारी बीमारियों से बचा जा सकता है तथा पोषकता का ध्यान रखना बहुत जरुरी है। शरीर को स्वस्थ रखने, वृद्धि करने और ऊर्जा प्राप्त करने के लिए पोषक तत्वों का उपयोग बहुत जरुरी है। इनमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज और पानी शामिल हैं। अच्छा पोषण बीमारियों को कम करता है। समन्वयक संजय कुमार चटवाल ने कहा स्वच्छता और साफ सफाई रखकर बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में आजीविका मिशन गैडीखाता की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी दास और आशा कार्यकत्री सुनीता कलुड़ा फार्मासिस्ट शाहरुख, लैब तकनीशियन रोहित सैनी, अंशु आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

## प्लॉट बिकाऊ है

एक प्लॉट 236 गज, 40 फीट फ्रंट साहित्य विहार कॉलोनी, नजीबाबाद रोड बिजनौर वर्धमान कॉलेज के सामने बिकाऊ है। केवल वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।

नोट- प्लॉट आधा-आधा भी ले सकते हैं।

सम्पर्क करें-

मो. 8003090447


# भारत गौरव पर्यटक ट्रेन करायेगी सात ज्योर्तिलिंग की यात्रा

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सात ज्योतिर्लिंग और दक्षिण भारत की धार्मिक यात्रा के लिये तैयार है। आईआरसीटीसी ने शुक्रवार को मुरादाबाद रेल मंडल मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में आगामी धार्मिक पर्यटन योजनाओं की जानकारी साझा की। आईआरसीटीसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि रेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत यह उद्यम भारतीय रेलवे की एक विस्तारित शाखा के रूप में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ खानपान और आतिथ्य सेवाओं को उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी कड़ी में संस्थान द्वारा योग नगरी ऋषिकेश से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के माध्यम से दो विशेष धार्मिक यात्राओं का संचालन किया जा रहा है। पहली यात्रा सात ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिये 12 जून से 23 जून तक संचालित की जाएगी। 11 रात और 12 दिन की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को उज्जैन स्थित महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर, द्वारका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के साथ-साथ नासिक के त्रयंबकेश्वर, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और संभाजी नगर के घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। इस ट्रेन में चढ़ने और उतरने के लिए योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी) और ललितपुर जंक्शन पर ठहराव दिया गया है। पैकेज की दरें स्लीपर श्रेणी के लिए 24,100 रुपये, थर्ड एसी के लिए 40,890 रुपये और सेकंड एसी के लिए 54,390 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित की गई है। दूसरी यात्रा दक्षिण भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए 29 जून से 10 जुलाई तक आयोजित होगी। 11 रात और 12 दिन की इस यात्रा के तहत यात्रियों को तिरुपति बालाजी मंदिर, रामेश्वरम स्थित रामनाथ स्वामी मंदिर, मदुरै का मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी के स्थानीय दर्शन और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग (मरकापुर) का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा के लिए बोर्डिंग और डी-बोर्डिंग स्टेशन योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़ (एमबीडीपी), प्रयागराज और मानिकपुर तय किए गए हैं।



## शाकाहारी भोजन की भी व्यवस्था

आईआरसीटीसी ने स्पष्ट किया कि इन पैकेजों में ट्रेन यात्रा के साथ-साथ शाकाहारी भोजन (नाश्ता, दोपहर और रात का खाना) तथा स्थानीय भ्रमण के लिए एसी व नॉन-एसी बसों की सुविधा शामिल है। यात्रियों की सुविधा के लिए एलटीसी और ईएमआई के विकल्प भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा संस्थान द्वारा भूटान, सिंगापुर, नेपाल और वियतनाम जैसे देशों के लिए हवाई टूर पैकेज और देश के भीतर कश्मीर, लद्दाख, अंडमान व चार धाम जैसे प्रमुख स्थलों के लिए भी विभिन्न रेल व हवाई टूर पैकेज संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी यात्राओं की बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय या उनकी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों 9236391908, 8287930908 और 9717649141 पर संपर्क किया जा सकता है।


भारत की दो बहादुर बेटियां "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"

के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-

★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।

हमारी विशेषताऐं:-

1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।


हमारे अचीवर्स




BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928



खुल गया! खुल गया!



श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476








Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom




8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर